


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 01 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-08 ■ वर्ष -41 ■ अंक-125 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 02 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## साय ने मोदी को 'अमृत रजत महोत्सव' में शामिल होने का दिया न्योता

**नई दिल्ली, 1 अगस्त.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विज़न @2047' दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विज़न दस्तावेज़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के



"जन विश्वास अधिनियम 2023" से प्रेरणा लेते हुए राज्य में "जन विश्वास विधेयक 2025" पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है।राजधानी नवा रायपुर के सुनियोजित और तीव्र विकास हेतु गठित छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जानकारी भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से साझा की। उन्होंने बताया कि इस प्राधिकरण के माध्यम से राजधानी क्षेत्र को एक आधुनिक, स्मार्ट एवं तेज़ी से विकसित शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।साथ ही राज्य में औद्योगिक निवेश और रोज़गार सृजन के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में लागू की गई नई औद्योगिक नीति 2024-30 के परिणामस्वरूप राज्य में निवेशकों की रुचि निरंतर बढ़ रही है। नीति के तहत सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया गया है, जिससे उद्योगों की स्थापना सरल, त्वरित और पारदर्शी बनी है। 1000 से अधिक व्यक्तियों को रोज़गार प्रदान करने वाले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नवंबर 2024 से जुलाई 2025 के बीच अब तक 84 कंपनियों से कुल 6.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नवा रायपुर में देश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की नींव रखी जा चुकी है, और एआई डेटा सेंटर का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

## संक्षेप

### दरभा का युवक हरियाणा से गिरफ्तार

**जगदलपुर,1 अगस्त।** बस्तर के दरभा क्षेत्र का रहने वाला युवक प्रियांशु कश्यप नक्सलियों के अर्बन नेटवर्क का हिस्सा था. एनआईए ने उसे हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार किया है. प्रियांशु दिल्ली में पढ़ाई कर रहा था, नक्सलियों की नॉर्थ रीजनल ब्यूरो को दोबारा सक्रिय करने की कोशिश में जुटा था. लंबे समय से एनआईए की रडार पर चल रहे प्रियांशु के पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, टैबलेट, मेमोरी कार्ड और माओवादी दस्तावेज जब्त किए गए हैं. फिलहाल जांच एजेंसी उससे गहन पूछताछ कर रही है. यह कार्रवाई नक्सलियों के शहरी नेटवर्क की बड़ी कमजोरी उजागर करती है. इस मामले में एनआईए ने हरियाणा और पंजाब के स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमेटी इंचार्ज अजय सिंगल उर्फ अमन और सीपीआई (माओवादी) सदस्य विशाल सिंह को गिरफ्तार किया था, जिससे जांच अभी भी जारी है.

### अनिल अंबानी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

**नईदिल्ली,1 अगस्त।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के प्रमुख और प्रबंध निदेशक अनिल अंबानी कर्ज धोखाधड़ी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने अनिल को समन जारी कर 5 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने को कहा है।

## चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में एसआईआर अभ्यास को लेकर फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव आयोग में जो भी इस अभ्यास में शामिल है, ऊपर से नीचे तक, हम आपको नहीं छोड़ेंगे। आप भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं और यह देशद्रोह से कम नहीं है। आप जहां कहीं भी हों, भले ही आप सेवानिवृत्त हों, हम आपको ढूंढ लेंगे। इससे पहले राहुल ने कहा था कि हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया।



कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की - वहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी मिली, जल्द जनता के सामने लाएंगे। उन्होंने कहा था कि बिहार में सर के नाम पर एससी,एसटी,ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। इंडिया गठबंधन जन अधिकार की लड़ाई संसद से सड़क तक लड़ेगा। शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई क्योंकि विपक्ष ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद स्थगित कर दी। सदन स्थगित करने से पहले, लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप नारेबाजी करके जनता का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं। जनता ने आपको सदन में अपने मुद्दे रखने का अवसर दिया है। उन्होंने आगे कहा, "यह गलत व्यवहार है। आपको संसदीय नियमों का पालन करना चाहिए। अगर हमें लोकतंत्र को मजबूत करना है, तो मुद्दे उठाने होंगे।" कांग्रेस, डीएमके, सपा, टीएमसी, एनसीपी, शिवसेना (यूबीटी), आरजेडी, आरएसपी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग की। लोकसभा अब आज दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी। इससे पहले, इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने संसद में मक्कार दावर के सामने विरोध प्रदर्शन किया और मतदाता सूचियों के एसआईआर पर दोनों सदनों में चर्चा की मांग की।

## कमजोर पड़ते नक्सली अब ग्रामीणों पर निकाल रहे गुस्सा

**जगदलपुर,1 अगस्त।** बस्तर में नक्सल विरोधी अभियान तेज होने के साथ ही माओवादी अब बौखलाहट में निर्दोष ग्रामीणों को अपना निशाना बना रहे हैं. साल 2025 की शुरुआत से अब तक नक्सल हिंसा में 30 ग्रामीणों की हत्या हो चुकी है. इनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. माओवादियों ने मुखबिरी के शक में 27 ग्रामीणों की जान ली, जबकि 3 ग्रामीण आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आए. यह सभी घटनाएं बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में हुई हैं, जहां माओवादी अब सॉफ्ट टारगेट को चुनकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं. सुरक्षाबलों की ओर से लगातार हो रही कार्रवाइयों से नक्सली संगठन को भारी नुकसान हुआ है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा माओवाद के समूल नाश की रणनीति के तहत अब तक बस्तर में 450 से अधिक माओवादी मारे जा चुके हैं. इस दबाव के चलते माओवादी अब सीधे मुठभेड़ में भिड़ने की बजाय ग्रामीणों को टारगेट बना रहे हैं.आईजी बस्तर सुंदरराज पी. ने बताया कि माओवादी लीडर बसवराजू समेत कई बड़े कैडर के मारे जाने से संगठन बिखर चुका है. उन्होंने कहा सॉफ्ट टारगेट को निशाना बनाना माओवादियों की कमजोरी को उजागर करता है. अब वे फोर्स से सीधी लड़ाई की स्थिति में नहीं हैं और डर का माहौल बनाए रखने के लिए ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं. नक्सलियों की यह रणनीति साफ संकेत देती है कि संगठन अब हताशा की स्थिति में है, और जनता को भयभीत कर अपने वजूद को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है.

## भूपेंद्र सवन्नी को दिल्ली से बुलावा

**रायपुर,1 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं. पिछले दिनों उनपर तीन प्रतिशत कमीशन लेने के आरोप लगे थे. वेंडरों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की थी. सूत्रों के मुताबिक भूपेंद्र सवन्नी की शिकायत दिल्ली तक पहुंची है. बता दें कि वेंडरों ने सवन्नी के खिलाफ अपने निजी सहायक के जरिए तीन प्रतिशत कमीशन के लिए दबाव बनाने और धमकी देने की शिकायत की है.



क्रेडा वेंडरों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिकायत करते हुए बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर जारी किए जाने वाले टेंडर में हम भाग लेते हैं. हमें विभाग द्वारा कार्य आबंटित होता है, जिसके बाद हम फील्ड में जाकर कार्य करते हैं, और सोलर सिस्टम लगाते हैं. शिकायत में बताया कि क्रेडा के नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी विगत कुछ दिनों से परेशान कर रहे हैं. अपने निज सहायक वैभव दुबे के माध्यम से अपने लिए जितने का कार्य पूर्व में उनके पदभार ग्रहण के पहले आबंटित हुआ है, और जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उसका 3 फीसदी की मांग कर रहे हैं. रकम नहीं देने पर किसी भी कारण का उल्लेख कर या कार्यों की जांच कराकर नोटिस दिलवाने और ब्लैक लिस्टेड करने की धमकी दी जा रही है. इस तरह से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे हम सब बहुत परेशान हैं.

**सोलर एसोसिएशन ने किया था शिकायती पत्र का खंडन**-छत्तीसगढ़ सोलर बिजनेस वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक पत्र लिखकर उस शिकायती पत्र का खंडन किया, जिसमें क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी पर तीन फीसदी कमीशन लेने का आरोप लगाया गया था. एसोसिएशन ने शिकायत पत्र को फर्जी बताते हुए बेबुनियाद करार दिया. पत्र में बताया गया कि जनदर्शन में दी गई शिकायत गुमनाम, बिना किसी प्रमाण और मनगढ़ंत तथ्यों पर आधारित है. न तो स्पष्ट नाम है, न ही पता या संपर्क जानकारी. यह कृत्य किसी शरारती तत्व ने सुनियोजित तरीके से किया है. क्रेडा से जुड़े सभी ठेकेदारों का यह एकमात्र पंजीकृत संगठन है.

## टैरिफ लिस्ट में मुस्लिम देशों पर ट्रंप मेहरबान

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत किए हैं, जिसके तहत दुनिया भर के 92 व्यापारिक साझेदार देशों पर 10 से 41 फीसदी तक टैरिफ लगाया गया है। नई टैरिफ लिस्ट में कई मुस्लिम देशों पर ट्रंप मेहरबान नजर आ रहे हैं क्योंकि उन देशों पर अप्रैल में लगाए टैरिफ के मुकाबले इस बार कम टैरिफ लगाए गए हैं। ऐसे देशों में दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया भी शामिल है, जिस पर पहले के मुकाबले 13 फीसदी कम टैरिफ लगाया गया है। इंडोनेशिया पर अप्रैल में 32 फीसदी टैरिफ लगाया गया था, जिसे इस बार घटाकर 19 फीसदी कर दिया गया है। पड़ोसी देश बांग्लादेश पर ट्रंप थोड़ा ज्यादा मेहरबान दिखे हैं। उस पर 37 से घटाकर अब 20 फीसदी टैरिफ कर दिया गया है। यानी उसे नई टैरिफ लिस्ट में 17 फीसदी की रियायत दी गई है। इसी तरह दूसरे पड़ोसी पाकिस्तान पर भी ट्रंप ने मेहरबानी दिखाई है। पाकिस्तान पर पहले



जो टैरिफ 29 फीसदी था, उसे घटाकर अब 19 फीसदी कर दिया गया है। मुस्लिम बहुसंख्यक देश मलेशिया पर भी ट्रंप सरकार ने 24 फीसदी टैरिफ को घटाकर अब 19 फीसदी टैरिफ कर दिया है। इसी तरह जॉर्डन पर 20 फीसदी टैरिफ को घटाकर 15 फीसदी किया गया है। मिडिल ईस्ट के देश इराक पर भी 39 से घटाकर 35 फीसदी टैरिफ किया गया है। हालांकि अफ्रीकी मुस्लिम देश नाइजीरिया पर 14 फीसदी टैरिफ को बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। बता दें कि ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी से एक फीसदी घटाकर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। नई टैरिफ लिस्ट जारी होने के बाद बांग्लादेश ने खुशी जाहिर की है और 17 फीसदी शुल्क घटाए जाने का स्वागत किया है। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, बांग्लादेश ने कहा है कि नई टैरिफ की वजह से अमेरिका निर्यात होने वाले परिधान बाजार पर अब बुरा असर नहीं पड़ेगा। दूसरा पड़ोसी देश पाकिस्तान भी खुश है क्योंकि किसी भी दक्षिण एशियाई देश की तुलना में उस पर सबसे कम टैरिफ लगाया गया है।

## उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली उपराष्ट्रपति का पद 9 सितंबर को भर जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से इलेक्शन की डेट जारी कर दी गई है। आयोग का कहना है कि 21 अगस्त तक नामांकन स्वीकार किए जाएंगे और उसके बाद 9 सितंबर को चुनाव होगा। उसी दिन शाम तक वोटों की गिनती के बाद नतीजे का ऐलान होगा। चुनाव आयोग की ओर से इसका पूरा शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत 7 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल करने की डेट रहेगी। 22 अगस्त को नामांकन पत्र जांचे जाएंगे और 25 तारीख तक उन्हें वापस लिया जा सकेगा। यदि एक से ज्यादा उम्मीदवारों का नामांकन हुआ तो फिर चुनाव कराना पड़ेगा और ऐसी स्थिति में 9 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग होगी और शाम तक रिजल्ट आ जाएगा। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की शाम को अचानक ही पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसकी जानकारी भी खुद ही एक्स अकाउंट पर लेटर शेयर करके दी थी। इससे पहले वह राष्ट्रपति भवन गए और प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंप आए थे।

## मालेगांव मामले में मोहन भागवत को भी गिरफ्तार करने का मिला था आदेश !

**मुंबई,1 अगस्त।** महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस अधिकारी महबूब मुजावर ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। महबूब मुजावर ने कहा कि उन्हें कथित तौर पर इस मामले के सिलसिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। महबूब मुजावर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की जाँच कर रहे आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) का हिस्सा थे।





मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर पूर्व एटीएस अधिकारी महबूब मुजावर ने अपना बयान मीडिया को दिया है। मीडिया से बात करते हुए महबूब मुजावर ने कहा कि उस समय मेरे बॉस परमबीर सिंह और अन्य अधिकारियों ने मुझे मोहन भागवत को लाने का आदेश दिया था। उस समय मीडिया में 'भगवा आतंकवाद' की अवधारणा चल रही थी। मैंने यह गलत काम नहीं किया था, और मुझे इसकी सजा मिली, जेल भेजा गया और बदनाम किया गया। इस मामले में मेरे पास जो भी सबूत थे, मैंने कोर्ट को दे दिए। मुजावर ने आगे आरोप लगाया कि इस फैसले ने एक फर्जी अधिकारी द्वारा की गई "मनगढ़ंत जाँच" का पर्दाफाश किया है। उन्होंने दावा किया कि जाँच अधिकारी ने उन्हें इसलिए झूठा फँसाया क्योंकि उन्होंने गैरकानूनी आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया था। मुजावर ने कहा कि उन्होंने मुझसे मृत लोगों को जीवित दिखाकर चार्जशीट दाखिल करने को कहा। जब मैंने इनकार किया, तो तत्कालीन आईपीएस अधिकारी परमवीर सिंह ने मुझे झूठे मामले में फँसा दिया। उन्होंने आगे कहा कि अब उन्हें उनके खिलाफ दर्ज सभी मनगढ़ंत मामलों में बरी कर दिया गया है। मुजावर ने ये आरोप गुरुवार को विशेष निचली अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए लगाए, जिसमें मामले के सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था। अदालत का यह फैसला विश्वसनीय सबूतों के अभाव, प्रक्रियागत खामियों और अविश्वसनीय गवाहों के बयानों पर आधारित था, जिससे अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर हुआ।

## अमेरिका से एफ-35 जेट नहीं खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और रणनीतिक रिश्तों में तकरार देखने को मिलने लगी है। ट्रंप ने कहा है कि भारत ने अब तक अमेरिका के साथ कम बिजनेस किया है। उन्होंने भारत के ऊंचे आयात शुल्क को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। इस बीच भारत ने अमेरिका से एफ-35 फाइटर जेट्स खरीदने से जुड़ी एक डील को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। भारत ने एक तरह से जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिका को बताया है कि अब एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट्स खरीदने में रुचि नहीं रह गई है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। आपको बता दें कि यह प्रस्ताव फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप द्वारा दिया गया था। रक्षा सौदों पर भारत की प्राथमिकता अब स्वदेशी डिजाइन और निर्माण पर केंद्रित है। मोदी सरकार अब ऐसे रक्षा मॉडल की तलाश में है जिसमें 'मेक इन इंडिया' के तहत संयुक्त उत्पादन और तकनीकी हस्तांतरण को महत्व दिया जाए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार फिलहाल ट्रंप की इस चकित कर देने वाली घोषणा पर कोई तात्कालिक जवाबी कार्रवाई नहीं करेगी। इसके बजाय व्हाइट हाउस को शांत करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार किया जा रहा है। भारत अमेरिका से अपने प्राकृतिक गैस आयात, संचार उपकरण और सोने की खरीद में बढ़ोतरी करने की संभावनाओं



पर विचार कर रहा है ताकि आने वाले तीन से चार वर्षों में भारत-अमेरिका व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और रूस के रिश्तों को लेकर कहा था, "मुझे फर्क नहीं पड़ता कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जाएं, मुझे कोई परवाह नहीं।" उन्होंने यह भी कहा था कि भारत हमेशा से अपनी सैन्य खरीद का बड़ा हिस्सा रूस से डील करता रहा है। रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा ग्राहक भी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत इस समय व्यापार वार्ता को पटरी पर बनाए रखने को प्राथमिकता दे रहा है।

**सार बातें**

### सेंट्रल जेल में बंद कैथोलिक ननों से नेताओं के मिलने का सिलसिला जारी

## केरल सांसदों का दल फिर पहुंचा छत्तीसगढ़

**दुर्ग,1 अगस्त।** सेंट्रल जेल में बंद कैथोलिक ननों से नेताओं के मिलने का सिलसिला जारी है. शुक्रवार को सीपीएम महिला एसोसिएशन सेंट्रल कमिटी के मेम्बर्स ने ननों ने मुलाकात की. इस दौरान पी के श्रीमथी और सीएस सुजाता दुर्ग केंद्रीय जेल पहुंची. आपको बता दें पी के श्रीमथी महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जबकिसीपीएम की सेंट्रल कमिटी मेम्बर है केरल से है ननों का नाता : दोनों ने जेल में बंद नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस से मुलाकात की, जो हाल ही में धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोपों में गिरफ्तार की गई थीं.दोनों नन केरल की रहने वाली हैं. इस कारण से ये मामला अब राष्ट्रीय राजनीति, विशेषकर केरल की राजनीति में भी सुर्खियों में है पूर्व सांसद पी. के. श्रीमथी ने कहा कि उन्होंने वंदना फ्रांसिस और दूसरी नन मैरी से मुलाकात की.ये मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली. दोनों नन इस समय जमानत की उम्मीद कर रही हैं क्योंकि शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण न्यायिक प्रक्रिया में देरी हो सकती है. श्रीमथी ने जेल अधिकारियों से बातचीत कर इस मामले को मानवीय दृष्टिकोण से देखने की अपील की पूर्व सांसद सीपीएमपी . के श्रीमथी ने बताया कि ये महिलाएं समाज की सेवा और शिक्षा के लिए यहां आई थीं. हमने अधिकारियों से कहा कि वे चिंतित न हों, हम उनके साथ हैं. इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि केरल में इस गिरफ्तारी को लेकर जनभावनाएं सरकार के खिलाफ हैं. एक केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम में लोगों ने मंच छोड़ दिया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि केरल की जनता ननों के साथ एकजुट है आपको बता दें कि केरल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं और इस घटनाक्रम का वहां राजनीतिक असर होना तय माना जा रहा है.दुर्ग जेल में ननों से हो रही मुलाकातें अब राजनीतिक समर्थन और ध्रुवीकरण का माध्यम बनती जा रही हैं.सीपीआई की महिला शाखा है CPM : CPM महिला एसोसिएशन, जिसे अखिल भारतीय



लोकतांत्रिक महिला संघ (AIDWA) के रूप में भी जाना जाता है. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की महिला शाखा है. इसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना है. AIDWA की केंद्रीय समिति में अलग-अलग राज्यों की महिला नेता शामिल होती हैं.आपको बता दें कि 27 जुलाई को कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) ने भी कथित घटना की कड़ी निंदा की. सीबीसीआई ने दावा किया कि, रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के पास अपने माता-पिता से स्पष्ट लिखित अनुमति थी, लेकिन गिरफ्तारी के बाद उन पर शारीरिक हमला किया गया क्या है पूरा घटनाक्रम 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर नारायणपुर निवासी तीन युवतियों को एक युवक रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचा था.जहां तीनों युवतियों को लेने के लिए दो नन पहुंची थी. इस बात की जानकारी बजरंग दल को लगी जिसके बाद वो दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे और हंगामा किया.बजरंग दल ने ननों पर मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत की.जिसके बाद जीआरपी ने ननों को गिरफ्तार कर लिया.

एक नजर

## भाजयुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के लिए संदीप दुबे प्रबल दावेदार



**मोहला, 01 अगस्त।** जिला मोहला मानपुर चौकी में भारतीय जनता पार्टी ने नया जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा को बनाया गया है, अब जिला संगठन भाजयुमो जिला अध्यक्ष पर जल्द विचार करने वाली है वही सूत्रों से मिल जानकारी अनुसार जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में भाजयूमो जिला अध्यक्ष संदीप दुबे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं,जिले की संगठन संभवतः बहुत जल्द संदीप दुबे को जिला युवा मोर्चा की जिम्मेदारी दे सकती है । अम्बागढ़ चौकी निवासी संदीप दुबे समाज सेवा करते आ रहे है साथ ही निरन्तर भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य कर रहे है बताया जा रहा है संदीप दुबे के लिए भाजयुमो जिला अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग सकती है । उल्लेखनीय है ली संदीप दुबे सालों से समाज सेवा करते आ रहे है तथा पार्टी के प्रति निरन्तर समर्पित होकर अपना योगदान दे रहे है । भारतीय जनता पार्टी में संगठन के बदलाव हो चुके है वही संदीप दुबे भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के दावेदारों में एक माने जा रहे है,अब संगठन इसके लिए जल्द अपना भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनाने के लिए विचार विमर्श करने वाली है ताकि युवा मोर्चा की कमान पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता को मिल सके और जिले पर कार्य कर सके ।

## निगम के 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त दी गई भावभीनी बिदाई



**राजनांदगांव 01 अगस्त।** नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारी क्रमशः लोककर्म में कार्यरत श्री सुरेश यादव व मोटर विभाग मे कार्यरत श्री जगदीश राम साहू तथा स्वास्थ्य विभाग मे कार्यरत सफाई कामगार श्रीमती सुलोचना मनोज को निगम सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया। बिदाई समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव ने किया। बधई समारोह में नगर निगम के अधिकरी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 2 अगस्त को मनाया जाएगा पीएम किसान दिवस

**राजनांदगांव 01 अगस्त।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे वाराणसी उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में जिले के 1 लाख 5 हजार 252 किसानों को 22 करोड़ 61 लाख रूपए का भुगतान आधार बेस्ट प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत केवल कृषि फर्म पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहने वाले देश के लघु, सीमांत तथा दीर्घ कृषकों को हर 3 माह में 2000 रूपए के साथ सालाना 6000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त 2025 को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि उपज मंडी के समन्वय से जिला, ब्लाक एवं पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने जिले के किसानों एवं नागरिकों से पीएम किसान दिवस के अवसर पर 2 अगस्त 2025 को आयोजित कार्यक्रम से मोबाईल, लेपटॉप से ब्रॉडकास्ट लिंक के माध्यम से शामिल होने अथवा निकटतम आयोजित कार्यक्रम स्थल में सहभागी बनने की अपील की है।

## कलेक्टर ने बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ, 01 अगस्त।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने मंगलवार को शाम 7 बजे प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पवनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे कक्षा 9वीं के एक छात्र से कहा कि अब तक पढ़ाई को कॉपी में लिखे क्यों नहीं हो। वहीं दूसरे छात्रों से पढ़ाई, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा किया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने विशेष रूप से गणित विषय पर छात्रों से संवाद किया और उनकी नोटबुक की जांच की। एक छात्र की गणित की कॉपी देखकर उन्होंने उसकी सुंदर हैंडराइटिंग की सराहना भी की। साथ ही, अंग्रेजी की नोटबुक और पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर भी जानकारी ली। मध्यान्ह भोजन योजना की स्थिति जानने के लिए भी कलेक्टर ने छात्रों से सीधे पूछताछ की और उनकी संतुष्टि का आकलन किया। निरीक्षण के समय छात्रावास अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। छात्रावास की क्षमता 50 बिस्तरों की है, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल 16 बच्चे ही उपस्थित मिले।

# विभाग के संरक्षण में अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### निर्माण कार्य करने पर उतारू?



**छुरिया, 01 अगस्त।** छुरिया नगर पंचायत में अतिक्रमणकारी के हौसले इतने बुलंद है कि वह तहसीलदार के चेतावनी को भी नजर अंदाज कर रहे हैं। शिकायतकर्ता जसीम कुरैशी के आवेदन पर छुरिया तहसीलदार ने राजकुमार बर्वे को हिदायत दी थी कि खसरा नं 407 पर निर्माण कार्य निषेध किया गया था लेकिन तहसीलदार के बातों को अनसुना करते हुए प्राप्त जानकारी अनुसार वह निर्माण कुछ समय बाद फिर जारी है इससे साफ जाहिर होता है।

बेजा कब्जा धारियों को ना कानून का डर है ना लोगों के आक्रोश का बस वे अपनी मनमानी किए जा रहे हैं। अनावेदक जसीम कुरैशी ने बताया कि नगर पंचायत छुरिया, पहन. 20, रानिम. छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित छोटे झाड़ के जंगल भूमि ख.न. 407 में सरकारी कुआ है एवं शासकीय मद की घास भूमि पर अनावेदक द्वारा अवैध कब्ज़ा कर लिया गया है। ग्राम छुरियाकला की सरकारी कुआ स्थित उक्त भूमि छोटे झाड़ के जंगल एवं घास मद की भूमि है जिस पर अनावेदक द्वारा अवैधानिक कब्ज़ा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध व अनुचित है। अनावेदक द्वारा छोटे झाड के जंगल ख.न.407 की भूमि व शासकीय मद की घास भूमि पर किये गए अवैध कब्ज़ा से शासन को लाखो रूपये की नुकसान हो रहा है जिसकी पूर्ति हेतु अनावेदक को अवैध रूप से काबिज भूमि पर से बेदखल किया जाना न्यायहित में न्यायोचित एवं आवश्यक है । अनावेदक द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर मकान निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है जिस पर तत्काल रोक लगाया जाना न्यायहित में न्यायोचित एक आवश्यक है आवेदन पत्र के समर्थन में हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन की सत्य प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न है।

उन्होंने अनावेदक द्वारा छोटे झाड के जंगल ख.न.407 की भूमि व शासकीय मद की घास भूमि पर किये जा रहे मकान निर्माण को तत्काल रोके जाने एवं बेदखल किये जाने की मांग पूर्व से किया गया है परन्तु किसके संरक्षण से आज पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने की खबर है इससे यहां प्रतित होता है अवैध कब्जा धारी को किसी ना किसी का संरक्षण प्राप्त है जो कि तहसील दार के कार्य निषेध के आदेश को अनदेखा कर पुनः कार्य प्रारंभ कर रहे हैं।

## स्कूल की छत से टपक रहा पानी और खिड़कियों में दौड़ रहा करेंट

### स्कूल प्रशासन मौन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 01 अगस्त।** छुरिया विकासखण्ड के ग्राम मोरकुटुंब में शासकीय मिडिल स्कूल का मामला सामने आया है स्कूल का हाल बेहाल है स्कूल के कमरे में जहां बच्चे पढ़ते हैं वहां स्कूल की छत से बारिश का पानी अंदर टपक रहा है और स्कूल की खिड़कियों में बिजली का करेंट दौड़ रहा है। दीवारों पर पानी का रिसाव साफ साफ दिख रहा है। आनन फानन में सरपंच ने स्कूल की छत पर सफेद प्लास्टिक लगवाकर समस्या का समाधान किया फिर भी कोई हल नहीं निकला छत से पानी लगातार टपक रहा है। एक बार तो छत का प्लाटर भी नीचे टपक गया था जो एक बच्चे के सिर पर लगा और बच्चे को चोट भी आई थी।

जब स्कूल के बच्चों ने अपने प्राचार्य को खिड़कियों में करेंट की बात बताई तो प्राचार्य ने सभी बच्चों को बाहर निकालकर स्कूल के बिजली के मीटर के पास से स्कूल की विद्युत आपूर्ति को बंद करवा दिया है बच्चे बिना बिजली के ही स्कूल में बैठते हैं। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इसकी सूचना बीआरसी छुरिया को दे दी गई लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

## 3 को भाटापारा में होगा युवा यादव सम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 01 अगस्त।** सर्व यादव समाज भाटापारा युवा प्रकोष्ठ की बैठक स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई इस बैठक में भारी संख्या में युवाओं ने भाग लिया, तथा बैठक में निर्णय लिया कि आगामी 3 अगस्त को सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ जिला बलौदा बाजार एवं भाटापारा तहसील इकाई का गठन किया जाएगा,

बैठक में उपस्थित युवा शक्तियों में भाटापारा नगर पालिका के द्वारा सहाड़ा देव स्थल पर व्यवसायिक परिसर बनाने हेतु टेंडर किए जाने का समाज में बड़ा आक्रोश दिखा, समाज के लोगों ने कहा कि वह हमारा देव स्थल है उसमें हम किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं होने देंगे, ज्ञात हो कि 1993- 94 में भी कांप्लेक्स बनाने का निर्णय हुआ था, जिसका यादव समाज ने पुरजोर विरोध किया लेकिन शासन की हठधर्मिता से जमीन का कुछ हिस्सा देना पड़ा और स्पष्ट समझौता हुआ था की बची हुई जमीन पर अब कोई निर्माण कार्य नहीं होंगे तथा सार्वजनिक आयोजनों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा इसी के चलते अब तक कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ लेकिन दुर्भाग्य है फिर भाजपा की सरकार आई और नगर पालिका में पूर्ण बहुमत के साथ फिर से कब्जा हुआ और समाज को बिना विश्वास में लिए टेंडर कर दिया गया यह बात को सुनकर समाज में उपस्थित सभी लोगों ने खुलकर विरोध करने की बात कही युवाओं ने कहा कि हम अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को मजबूत करेंगे और हमारे देव स्थल की लड़ाई को जी जान देकर लड़ेंगे बैठक में सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु गिरधारी यादव जगदीश यादव, माखन यादव, भीखम यदु ,रवि कुमार यदु ,दुर्गेश यादव, राजीव यादव, शेष नारायण यादव, हीरालाल यादव ,आकाश यादव ,विषम यदु, गोवर्धन यादव ,यशवंत यादव ,जगदीश यादव, मनोज यादव, धनु लाल यादव, वीरेंद्र यादव, अक्षय कुमार यादव, राधेश्याम यादव ,इंद्रजीत यादव, शिवचरण यादव व एडवोकेट सुरेश यादव सहित भारी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बंटवारा नामांतरण और ऋण पुस्तिका के लिए भटक रही आदिवासी महिला

### एक वर्ष हो गए, कहीं सुनवाई नहीं, 40 किमी सफर मुख्यालय पहुंची तो कार्यालय से अधिकारी रहे नदारद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी, 01 अगस्त।** आदिवासी विकास खंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम अर्जुनी की आदिवासी बेवा महिला को राजस्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराने एवं किसान पुस्तिका के लिए साल भर से चक्कर लगा रही है। इसके बावजूद आज तक राजस्व रिकार्ड में नाम नहीं चढ़ा है। इसके कारण सोसायटी से लेकर बैंक तक दिक्कत हो रही है। ऋण पुस्तिका नहीं मिलने से सोसायटी में पंजीयन करवाने, सोसायटी से खाद्य व बीज उठाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. नई ऋण पुस्तिका के लिए पटवारी तहसीलदार पर जवाबदारी डाल दे रहे हैं, ऐसे में किसान शिकायत करे भी तो कहां करे।

आदिवासी महिला सियाबती ने इस प्रतिनिधि को बताया कि बंटवारे के बाद नामांतरण और ऋण पुस्तिका के लिए तीन किस्त में पटवारी को 12 हजार रुपए दिए हैं, इसके बाद भी रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं हुआ है। इससे परेशान हो कर महिला सियाबती ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मिलने 40 किलोमीटर दूर सफर करके ब्लाक मुख्यालय नगरी पहुंची थी जहां अधिकारी के आफिस में नहीं रहने की वजह से मुलाकात नहीं हो पाया। उक्त महिला महिला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अधिकारी के इंतजार में बैठी रही। जानकारी मिलने पर एक पत्रकार ने अधिकारी को फोन लगाया तो अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्यों से परे जाकर भर्राशाही और मनमानी करने में लगे हुए हैं।

**पटवारी पर राजस्व अधिकारियों का नियंत्रण नहीं आखिर क्यों..?**

आखिर पटवारी किसके लिए रिश्वत लेते हैं अपने अधिकारी के लिए या फिर अपने घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये या उनके उच्च अधिकारी ही पटवारियों को ईमानदारी काम नहीं करना चाहते या फिर खुद रिश्वत की अवैध वसूली करवाते हैं ? यदि उच्च अधिकारी पटवारी पर नियंत्रण बनाए रखने और लोगों का काम बिना रिश्वत करने को कहते तो शायद राजस्व विभाग इतना बदनाम ना होता आज पटवारी रिश्वत लेते पकड़े नहीं जाते ? भले ही पटवारी रिश्वत लेते पकड़े जा रहे हैं पर इस रिश्वत का खेल तो राजस्व के अधिकारियों से भी जुड़ा हुआ हैं।

**मुख्यमंत्री के फरमान के बाद भी नहीं चेते अधिकारी**

साय सरकार ने आम लोगों को पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। लेकिन अधिकारी भी तू डाल-डाल, तो मैं पात-पात वाली तर्ज पर काम करते हुए इस सुविधा के लाभ से वंचित कर रहे हैं. बटांकन नामांतरण व नई ऋण पुस्तिका के लिए पटवारी तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। कहीं अधिकारीयों की ऐसी ही लचर व्यवस्था चलती रही तो सरकार से आम जनता का विस्वास उठ जायेगा और सुशासन सरकार की फजीहत हो जायेगी सरकार को अधिकारियों पर तत्काल लगाम कसना चाहिए ऐसे अधिकारी की खैर खबर नहीं ली गई तो भविष्य में सरकार को इसके गम्भीर परिणाम भोगने पड़ सकते हैं।

## प्रधानपाठक के बिदाई समारोह में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 01 अगस्त।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्ण सेवानिवृत्त प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धनगांव श्री मुकुंद राम निषाद के बिदाई समारोह कार्यक्रम में शामिल हुई।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, जिला भाजपा मंत्री कैलाश शर्मा व मंडल अध्यक्ष कुमर्दा हिरदे देवांगन व पूर्व मंडल अध्यक्ष बोधन साहू व अनिरुद्ध चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता व जनपद सदस्य लक्ष्मी मंडावी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के चैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही उक्त कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि यह विदाई अंत नहीं है, बल्कि एक नए सफर की शुरुआत है। हमें आप पर गर्व है।आपने इस ग्राम के विद्यालय में 27 वर्ष तक लगातार सेवा प्रदान की है।आपके बताए हुए मार्ग पर चलकर आपके पढ़ाएं हुए विद्यार्थी आज विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रह हैं। हमें आप पर गर्व है।मै आपके भविष्य के उज्वल पथ की कामना करती हूं। साथ ही कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भी संबोधित किया गया। साथ ही इस अवसर पर सुंदर साहु पूर्व अध्यक्ष भाजपा कुमर्दा, श्रीमती पूनम साहू संरपच धनगांव, कोमल सिन्हा महामंत्री भाजपा मंडल कुमर्दा, भूपेंद्र नायक पूर्व जनपद सदस्य, ठाकुरराम यादव महामंत्री युवा मोर्चा, देवानंद सिन्हा, रामकुमार विश्वकर्मा,गुहाराम मंडावी,खुमान दास वैष्णव,तिरथ साहू, श्रीमती दामनी वैष्णव, श्रीमती मंजू निषाद, श्रीमती प्रभा नायक समेत शिक्षकगण व ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे..!

## धर्म करने का कोई भी मौका मत चूकिए : मुनि वीरभद्र

■ **शरीर की पीड़ा को भी भक्ति बनाकर आराधना कीजिए**



**राजनांदगांव 01 अगस्त।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि धर्म करने का कोई भी मौका मिले तो मत चुकिए। शरीर की पीड़ा को भी भक्ति बनाकर आराधना कीजिए। आप निश्चित ही मोक्ष मार्ग में आगे बढ़ेंगे। जैन बगीचे के नए हाल में चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि कुछ घटनाएं ऐसी होती है जिससे कुछ लोगों को आनंद आता है और कुछ लोग दुखी हो जाते हैं। सुख दुख को ध्यान से हटाकर हमें आराधना की ओर ध्यान देना होगा तभी हमारे भाव मजबूत होंगे। हमें इस भव ( संसार) में ही इतनी साधना कर लेनी है कि हम आत्म कल्याण के मार्ग की ओर आगे बढ़ जाएं। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि संयम जीवन में काफी चुस्तता रहती है और चरित्र निर्मल बनता है। हमारे चरित्र में कोई दोष न लगे, हमें वैसा कार्य करना है। उन्होंने कहा कि धर्म का मूल चरित्र और औचित्य का पालन करना ही है। मुनि श्री ने कहा कि आज व्यक्ति अपना फायदा देखता है, दूसरे को क्या नुकसान हो रहा है, इससे उसको कोई मतलब नहीं रहता। पड़ोसी के घर तमाशा देखने में लोगों को उत्साह रहता है किंतु जब अपने घर तमाशा होता है तो वह नहीं चाहता कोई उसे देखें।

## आयुक्त ने किया सफाई कामगारों का सम्मान



**राजनांदगांव 01 अगस्त।** सफाई कर्मचारी दिवस के अवसर पर नगर निगम सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने महिला पुरूष सफाई कामगारो एवं सफाई दरोगा, वार्ड प्रभारी का शाल, श्रीफल एंव प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने सफाई कर्मचारी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप लोग सुबह से शहर को साफकरने लगे रहते है, इसके लिए आप अपने घर की ठीक से सफाई नही कर पाते, क्योकि आप लोगो को शहर की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के समय हम लोग अच्छा रैक लाने बहुत उत्साह एवं लगन से कार्य करते है,यदि इसी लगन से आप सालभर कार्य करे तो इंदौर जैसे हमारा शहर हो जायेगा।

कार्यपालन अभियंता श्री यू..के.रामटेके एवं प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा ने सफाई कर्मचारी दिवस की सफाई कर्मियो को बधाई दिए। कार्यक्रम में प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, सफाई कर्मचारी, यूनियन संघ के अध्यक्ष श्री गोलू नायक सहित महिला, पुरूष सफाई कामगार उपस्थित थे।

## शंकर नगर मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों ने बी.आर. वर्मा को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 01 अगस्त।** शंकर नगर मार्निंग वाक ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य नानाजी देशमुख राष्ट्रीय ग्राम गौरव पुरस्कार से सम्मानित पूर्व सरपंच सरोरा श्री बिहारी राम वर्मा जी को तिल्दा ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष बनने पर ग्रुप के सदस्यों ने बधाई दी इस अवसर पर शंकरनगर मंडल महामंत्री सुधीर कुमार चौबे, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सीताराम वर्मा, पत्रकार दिलीप नामपल्लीवार, त्रेयम्बकर जोशी जी रामेश्वर साहू, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामानंद पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, शिवलाल देवांगन, राधेश्याम निषाद,बबला ध्रुव, लंकेश वर्मा,बबला साहू,डी.आर.साहू,कामेश साहू, कामेश, मुकेश, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता झंगलू राजू आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसान स्वयं कर सकते हैं एग्रीस्टेक पोर्टल में फॉर्मर पंजीयन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ 01 अगस्त।** किसान अपना पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में स्वयं कर सकता है। पंजीयन करने के लिए स्मार्ट फोन या कम्प्यूटर सेट, आधार नंबर लिंक मोबाईल, आधार कार्ड, भूमि का खसरा बी-1 की आवश्यकता होगी। कम्प्यूटर से पंजीयन करने के लिए वेबसाईट सीजी एफ आर डॉट एग्रिस्टेक डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा। मोबाईल से पंजीयन करने के लिए गूगल प्ले स्टोर से फॉर्मर रजिस्ट्री सीजी एप डाऊनलोड करना होगा।

# कांग्रेस के समर्पित नेता थे मुदलियार: कुलबीर

### कांग्रेसजनों ने शहीद स्व. उदय मुदलियार जी की जयंती पर उनके विचारों को किया याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 01 अगस्त।** शहीद स्व.उदय मुदलियार जी की जयंती पर 31 जुलाई गुरूवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया। सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि झीरम हमले में शहीद राजनांदगांव के पूर्व विधायक स्व. उदय मुदलियार जी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में प्रियनेता शहीद स्व.मुदलियार जी की जयंती पर कामठी लाइन स्थित चुनाव कार्यालय में उनके तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। इस दौरान संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि संगठन के प्रति समर्पित और जुझारू नेता थे, संगठन द्वारा जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कांग्रेस बस्तर प्रभारी एवं राजनांगदगांव के पूर्व विधायक शहीद स्व. मुदलियार जी को नमन करते हुए कहा कि राजनांदगांव के लाडले सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे उदय भैया, कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। स्व.मुदलियार जी की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, इकरामुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, श्रीमती शारदा तिवारी, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके साथ बिताए पलों को साझा कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, विरेन्द्र चंद्राकर, अतुल शर्मा, भरत सोनी, भोला यादव, नरेश साहू, महेश साहू, मनीष साहू, एजाजूर रहमान, मामराज अग्रवाल, लक्ष्मण साहू, दीनू साहू, चेतन सिन्हा, नीरज कन्नौजे, भगवानदास सोनकर, सागर ताम्रकार, नासिर भाई, शौर्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों का महामंत्री झम्मन देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

## सौरभ जैन मंडल उपाध्यक्ष बनाये गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 01 अगस्त।** भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा नेता सौरभ जैन ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ,भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय संभाग प्रभारी सौरभ सिंह भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्याम कुमार नारंग और तिल्दा नेवरा के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों , मंडल अध्यक्ष तथा संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए, सौरभ जैन ने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए वे संगठन के आभारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे। सौरभ जैन को तिल्दा नेवरा भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष बनाये जाने पर शहर के सभी वर्गों में खुशी का माहौल है भाजपा के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की हैं।

## संपादकीय

### यौन गतिविधियों का पूर्ण अपराधीकरण को चुनौती

न्याय मित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाने के लिए वैधानिक उम्र 18 वर्ष से घटा कर 16 वर्ष करने की शीर्ष अदालत से सिफारिश की है। चर्चित 'निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट की सहायता करने वाली न्यायमित्र इंदिरा जयसिंह ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 और आईपीसी की धारा 375 के तहत 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर एवं किशोरियों से जुड़ी यौन गतिविधियों का पूर्ण अपराधीकरण करने को चुनौती देते हुए अपनी लिखित प्रस्तुतियां दी हैं। दलील दी है कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए प्रेम संबंधों को अपराध मानता है, और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। अपनी स्थापना के पक्ष में उन्होंने जोरदार तर्क रखा है कि कानूनी ढांचा किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को गलत तरीके से दुर्व्यवहार के बराबर मानता है तथा उनकी स्वायत्तता, परिपक्वता और सहमति देने की क्षमता को अनदेखा करता है। सहमति की आयु 16 से बढ़ा कर 18 वर्ष करने को उचित ठहराने के लिए कोई तर्कसंगत कारण या अकाट्य आंकड़ा भी नहीं है। इसके अलावा, यह भी ध्यान दिलाया है कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा आयु बढ़ाए जाने से पहले 70 वर्षो से अधिक समय तक आयु सीमा 16 वर्ष (शारीरिक संबंध बनाने के लिए सहमति की) ही रही थी। यह भी ध्यान दिलाया है कि आयु बिना किसी बहस के बढ़ा दी गई और ऐसा करते समय वर्मा समिति की सिफारिश की भी अनदेखी की गई। बेशक, यह सामयिक मुद्दा है, और इसे मौजूदा परिप्रेक्ष्य में ही देखा जाना चाहिए।आजकल किशोर समय से पहले ही यौवन प्राप्त कर लेते हैं, और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाने में सक्षम होते हैं। फिर, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के निष्कषरे के साथ ही वैज्ञानिक एवं सामाजिक आंकड़ों को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए जो बताते हैं कि किशोरों में यौन रुझान असामान्य नहीं हैं।आयु संबंधी मौजूदा व्यवस्था किशोरों की सामान्य चेष्टाओं और रुझानों का अपराधीकरण करती है। यह आंकड़ा भी हतप्रभ करने वाला है कि 2017-21 के बीच 16-18 आयु वर्ग के नाबालिगों पर पॉक्सो कानून के तहत अभियोजन में 180 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को किसी दूसरे पर ना डालें। विपरीत परिस्थितियों में भी आपको धैर्य बनाए रखना होगा। प्रियजनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपने करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना होगा। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो वह आज पूरा हो सकता है। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। निजी जीवन में सफलता मिलेगी। आपको कुछ ईर्ष्यालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहना होगा। आपका कोई मित्र शत्रु बन सकता है। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव पसंद आएंगे। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। संतान पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकती है। आप किसी से पार्टनरशिप थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें और कोई बड़ा जोखिम न लें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। अध्ययन के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। आपको खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान देना होगा। समाज में लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। आप अपनी बुद्धि से कोई ऐसा निर्णय लेंगे, जिससे कार्यक्षेत्र के लोग भी हैरान होंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप किसी को धन उधार बहुत ही सोच विचारकर दें। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पारिवारिक विषयों में आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह ना लें। आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी संतान को पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप उनसे बातचीत करें और उनके मन में चल रही उलझनों को दूर करने की कोशिश करें। किसी नए वाहन की खरीदारी आप कर सकते हैं। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपका मनोबल काफी बढ़ेगा। आप अपने कामों को लेकर कोई महत्वपूर्ण जानकारी ले सकते हैं। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज-मस्ती व्यतीत करने में व्यतीत करेंगे। घूमने-फिरने के लिए आप कोई योजना बना सकते हैं। किसी नई नौकरी के लिए यदि आपने अप्लाई किया था, तो वहां से आपको बुलावा सकता है। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या** आज बिजनेस कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपका कोई काम बनते-बनते बिगड़ सकता है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखें। आप भगवान पर भरोसा रखें। आपसे यदि कोई झूठ बोला था, तो आज वह भी उजागर हो सकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के अवसरों पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन उसमें कुछ कठिनाइयां अवश्य आएंगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में कोई बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको नौकरी में ट्रांसफर आदि भी मिलने की संभावना है। माताजी को आप ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं। आप अपने साथी के लिए कुछ शॉपिंग आदि भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम में उसके नीति-नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। परिवार में खुशियां आएंगी क्योंकि पुरानी चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके ऊपर यदि कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं, जो लोग कमीशन का काम करते हैं, उन्हें आज अच्छा कमीशन मिलने की संभावना है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चलेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को प्राथमिकता देनी होगी, आप दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। आप किसी धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी, जिससे आपका मनोबल भी काफी ऊंचा रहेगा। आप कोई बड़ा जोखिम उठाने के सोच सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को किसी एक्सपर्ट की राय से आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। शासन-सत्ता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। कोई कानूनी मामला यदि आपको लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलने की संभावना है, लेकिन उसमें आपका खर्चा थोड़ा अधिक होगा। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन आप किसी से मांग कर वहां ना चलाएं। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए धर्म-कर्म के कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपसे जल्दबाजी के कारण कोई गलती हो सकती हैं। संतान को आप कोई जिम्मेदारी दें सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में निपटाना ही बेहतर रहेगा। आपको अपने समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है, क्योंकि आप उसे इधर-उधर लगाकर खराब कर सकते हैं। जो जातक सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं, उन्हें ट्रांस्फर मिल सकता है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको बड़ों के प्रति आदर और सम्मान बनाए रखना होगा। आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण विषयों में आपको थोड़ी सहजता दिखानी होगी। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इससे आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। आप जल्दबाजी में किसी से कोई समझौता न करें और यदि आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या लंबे समय से बढ़ रही है, तो उसे उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

## चर्चित मुद्दा

# संपूर्ण मानवता के लिए खतरा युद्ध

**संजीव ठाकुर**

आज विश्व के अनेक देश और पृथ्वी परमाणु युद्ध के कगार पर बैठी हुई है । युद्धों के परिणाम से विश्व में आर्थिक विषमताएं,गरीबी,भुखमरी बढ़ती जा रही हैं। ताजा हालातों में इजरायली आक्रमण से गाजा पट्टी पर वहां के बच्चों तथा स्त्रियों के मध्य भुखमरी बढ़ती जा रही है। भोजन के लिए अनाज तथा आटा नहीं है। जख्मी नागरिकों के लिए इलाज हेतु आवश्यक मेडिकल एड और दवाइयां भी उपलब्ध नहीं है। फिलिस्तीन में मानवीय जीवन के लिए अराजक स्थिति उत्पन्न हो गई है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं । इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का भला नहीं हुआ है यह आने वाली आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब बन चुका है। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है।ताजा ताजा यूक्रेन ने 100 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इजराइल-हमास युद्ध में ईरान ने अमेरिका तथा इसराइल के विरुद्ध युद्ध छेड़ कर पूरे विश्व के साथ अपने लिए भी बड़ी परेशानी पैदा कर दी थी पर इजराइल में युद्ध रुक जाने से उक्त स्थिति फिलहाल तो टल गई है। ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं। परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है, इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप जब से दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं तब से उनके सनकी फैसलों के कारण पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप एक व्यापारिक पृष्ठभूमि से आए हुए व्यावसायिक बुद्धि के शासक हैं, और वे सदैव अन्य देशों को अपने महंगे महंगे अस्त्र-शस्त्र बेचने के जगत में रहा करते हैं ऐसी स्थिति में अमेरिका कभी नहीं जाएगा कि युद्ध विराम हो क्योंकि अमेरिका तथा अस्त्र-शस्त्र निर्माता देश युद्ध में सदैव अपना आर्थिक लाभ का दृष्टिकोण रखते हैं।यही देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे। इतिहास गवाह है की सनकी



प्रशासकों से हमेशा मानवता और विश्व की शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें है। इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं। विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस ने स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दी है।उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि यूक्रेन इतने दिन तक रूस के साथ युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं भातें हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।

इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है। अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है ये अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं और वह सदैव शांति का पक्षधर रहा है। भारत ने बुद्धिमत्ता पूर्वक पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर चला कर 3 दिन में आतंकवादियों के अड्डों को तबाह किया और पाकिस्तान के अनुनय विनय पर युद्ध को विराम दे दिया। इस ऑपरेशन सिंदूर में भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ यह भारत का बुद्धिमत्ता पूर्वक कम था। नवीन परिस्थितियों में रूस यूक्रेन युद्ध चीन ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की दक्षिण कोरिया के ऊपर अनावश्यक दादागिरी और अमेरिकी तथा नैटो देशों का खुलकर चीन रूस तथा उत्तर कोरिया के लिए विरोध पूरे विश्व में परमाणु हेतु की पूरी-पूरी पृष्ठभूमि तथा प्रस्तावना तैयार कर चुके हैं और यह भी संभावना होगी कि पाकिस्तान तथा खाड़ी के देश भी ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित विश्वयुद्ध में शामिल हो सकते हैं। यदि विश्व युद्ध होता है तो यह मानवता तथा पृथ्वी के लिए बड़ा ही विनाशक होगा हम सिर्फ कामना कर सकते हैं की युद्ध नहीं हर तरफ शांति ही शांति हो।

# डिंपल की तौहीन पर अखिलेश की चुप्पी पर सवाल

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की छवि एक प्रखर नेता के रूप में होती है। अखिलेश खुलकर अपनी बात कहते हैं। यूपी में बीजेपी को समाजवादी पार्टी टक्कर देती रही है,लेकिन अखिलेश की राजनीति का यह एक ही पक्ष है दूसरा पक्ष इसके बिल्कुल उलट है। दरअसल,बात जब अल्पसंख्यकों से जुड़ी होती है तो अखिलेश यादव अपना मुंह सिल लेते हैं। सत्ता मे रहते अखिलेश न ने तुष्टिकरण की सियासत के चलते सीरियल ब्लास्ट के आरोपी आतंकवादियों पर से केस वापस लेने तक में गुरेज नहीं किया। इसी तरल लव जेहाद की घटनाओं और धर्मांतरण पर भी सपा प्रमुख चुप्पी साधे रखते हैं,जबकि हिन्दुत्व, आरएसएस,श्री रामलला मंदिर,कावड़ियों और सनातन के खिलाफ जहर उगलने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हद तो तब हो गई जब मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में सपा प्रमुख ने एक मौलाना द्वारा उनकी पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ दिये गये विवादित बयान पर भी चुप्पी साधे रखी। शायद उनको लगता होगा कि यह इम्पारटेंट नहीं है कि डिंपल की बेइज्जती हुई हुई,बलिक इम्पारटेंट यह है कि डिंपल की बेइज्जती करने वाले के खिलाफ मुंह खोलने से सपा का मुस्लिम वोट बैंक नाराज हो सकता है। गौरतलब हो, इसी के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी की अभद्र टिप्पणी ने न केवल एक राजनीतिक विवाद को जन्म दिया है, बल्कि सपा के लिए एक गंभीर चुनौती भी खड़ी कर दी है। इस घटना पर अखिलेश यादव की चुप्पी ने न सिर्फ उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं, बल्कि सपा के महिला वोट बैंक को भी खतरे में डाल दिया है। यह मुद्दा 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले सपा की रणनीति और छवि के लिए गंभीर संकट बन सकता है।

मौलाना साजिद रशीदी ने 22 जुलाई 2025 को संसद मार्ग स्थित मस्जिद में सपा सांसदों की बैठक के दौरान डिंपल यादव के पहनावे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने डिंपल को राजनीतिक हिंदू महिला कहकर उनके साड़ी पहनने पर सवाल उठाए और मस्जिद की तौहीन का आरोप लगाया। इस टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद लखनऊ के विभूतिखंड थाने में सपा नेता प्रवेश यादव ने मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। प्रवेश यादव ने अपनी तहरीर में कहा, मौलाना साजिद ने मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर अमर्यादित टिप्पणी कर पूरे समाज को ठेस पहुंचाई है। यह सिर्फ एक महिला की गरिमा को ठेस नहीं, बल्कि समाज की हर महिला इस टिप्पणी से आहत है,लेकिन अखिलेश ने अंत तक मुंह नहीं खोला।

बहरहाल, इस विवाद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सपा पर हमला करने का मौका दे दिया। भाजपा की वरिष्ठ नेता और महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने लखनऊ में पत्रकार वार्ता में कहा, डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी नारी सम्मान पर हमला है। अखिलेश यादव की चुप्पी सवाल खड़े करती है। क्या उन्होंने सत्ता के लिए अपनी पत्नी का अपमान स्वीकार कर लिया है? उन्होंने यह भी जोड़ा,'यह एक महिला सांसद की गरिमा पर ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति पर हमला है। सपा का मौन क्या इस सोच की सहमति है कि अब मौलवी उनकी महिला सांसदों की गरिमा तय करेंगे?प्रयागराज में पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने भी सपा पर तंज कसते हुए कहा,'अखिलेश तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। चाहे उनके परिवार या पत्नी का अपमान हो, वे चुप रहते हैं। यह महिलाओं के लिए बड़ा संदेश है कि सपा में उनका सम्मान सुरक्षित नहीं है।

अखिलेश यादव की चुप्पी को भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति से जोड़ा है। लखनऊ में भाजपा एमएलसी सुभाष यदुवंश ने अटल चौक पर होर्डिंग लगाकर अखिलेश को मौन मुखिया करार दिया। होर्डिंग में लिखा था, पत्नी के अपमान पर चुप रहने वाले प्रदेश की बहन-बेटियों की सुरक्षा क्या करेंगे? धिक्कार है अखिलेश जी। यह होर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे सपा की मुश्किलें और बढ़ गईं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला सपा के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकता है, खासकर तब जब सभी दल महिला वोटरों को साधने में जुटे हैं।

बता दें उत्तर प्रदेश में महिला वोटरों की भूमिका हाल के चुनावों में निर्णायक रही है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत में महिला केंद्रित योजनाओं जैसे लाडली बहिन और लाड़ली लक्ष्मी का बड़ा योगदान रहा। सपा भी इस तथ्य से वाकिफ है और 2027 के चुनावों के लिए डिंपल यादव के नेतृत्व में महिला वोटरों को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। जून 2025 में लखनऊ में सपा की महिला सभा की बैठक में अखिलेश और डिंपल ने बूथ स्तर पर महिला कार्यकर्ताओं को संगठित करने और घर-घर जाकर संपर्क करने की योजना बनाई थी। लेकिन मौलाना की टिप्पणी और अखिलेश की चुप्पी ने इस रणनीति को झटका दिया है।

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश की चुप्पी को एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा सकता है, ताकि मुस्लिम वोट बैंक नाराज न हो। अखिलेश ने इस मुद्दे पर सीमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा, लोकसभा में क्या पहनकर आएं, बताओ। जो लोकसभा में पहनकर आएंगे, वो ही हमारी हर जगह ड्रेस होगी। यह बयान उनके आक्रामक रुख से इतर रहा, जो आमतौर पर वे अन्य मुद्दों पर दिखाते हैं। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पार्टी इस मुद्दे को तूल देकर धार्मिक ध्रुवीकरण से बचना चाहती है, लेकिन यह चुप्पी महिला वोटरों को पार्टी से दूर कर सकती है।

महिला वोटरों का सपा से मोहभंग होने का खतरा इसलिए भी गंभीर है क्योंकि उत्तर प्रदेश में महिलाएं मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक था। ऐसे में, डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी और उस पर सपा की नरम प्रतिक्रिया से महिला वोटरों में नाराजगी फैल सकती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां डिंपल की सादगी और साड़ी पहनने की शैली को महिलाएं पसंद करती हैं, यह विवाद सपा की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है।

भाजपा ने इस मुद्दे को संसद से सड़क तक उठाकर सपा को घेरने की कोशिश की है। 28 जुलाई को एनडीए सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया और महिलाओं के सम्मान का मुद्दा उठाया। लखनऊ में भाजपा की महिला इकाई ने भी अखिलेश की चुप्पी पर रोष जताया। सपा के लिए यह स्थिति इसलिए भी नुकसानदायक है क्योंकि पार्टी पहले से ही तुष्टिकरण के आरोपों से जूझ रही है। डिंपल यादव ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन उनके समर्थकों का कहना है कि उनकी गरिमा और सादगी ही उनकी ताकत है।

इस पूरे प्रकरण में सपा की रणनीति अब तक संतुलन बनाए रखने की रही है, लेकिन यह संतुलन उनकी महिला वोटरों को खोने की कीमत पर भारी पड़ सकता है। अगर सपा इस मुद्दे पर स्पष्ट और आक्रामक रुख नहीं अपनाती, तो 2027 के चुनावों में उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। दूसरी ओर, भाजपा इस मुद्दे को और भुनाने की कोशिश में है, ताकि वह महिला वोटरों को अपनी ओर आकर्षित कर सके। कुल मिलाकर, यह विवाद सपा के लिए एक राजनीतिक संकट बन गया है, जिसका असर आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

## इतिहास, विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है ओरछा

ओरछा की स्थापना राजा रुद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द "उद्योतका" से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है— "छोटा सा प्रकाश"। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा (Orchha) एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय-** ओरछा की स्थापना राजा रुद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द "उद्योतका" से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है— "छोटा सा प्रकाश"। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल-**

1. राजा महल-यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**2. जहांगीर महल**-यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का



सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊँचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**3. राम राजा मंदिर**-यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहाँ का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया और सैन्य सम्मान, इस मंदिर को और भी खास बनाता है।

**4. चतुर्भुज मंदिर**-यह मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**5. लक्ष्मीनारायण मंदिर**-इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**6. ओरछा के छतरी (Cenotaphs)**- बेतवा नदी के किनारे स्थित ये स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**-ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में। आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## सू-दोकू 127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

एक नजर

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु बैठक



**सिमगा, 01 अगस्त।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 हेतू विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा के सभागृह में 28 जुलाई सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी ठाकुर , जेएनवीएसटी प्रभारी सत्येंद्र कुमार पाण्डेय एवं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सिका मौजूद रहें। सिमगा के विद्यालय के समस्त संकुल समनायक के साथ पूर्वहन 12 बजे से 1:00 बजे तक बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सत्येंद्र कुमार पाण्डेय नें विभिन्न नवोदय विद्यालयों के छात्रों की उपलब्धियों को बताते हुए लवन नवोदय विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में भी बताया जहाँ से बच्चे आईआईटी और नीट परीक्षा में चयनित हुए। तथा सभी संकुल सामन्यक कों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक नामांकन करवाएं। परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सिका नें विद्यालय से प्रदाय सभी निःशुल्क सुविधाओं का उल्लेख किया साथ ही सर्वांगीण विकास के अवसरों के बारे में चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी ठाकुर नें नवोदय विद्यालय के बारे में विस्तार से नवोदय विद्यालय, यहाँ के कार्य प्रणाली, यहाँ के शिक्षा का स्तर एवं अन्य खूबियों के बारे में बताया, उन्होंने सभी प्रधानपाठकों से कहा कि यदि संभव हो तो वे संकुल स्तर पर ऐसे बच्चों के लिए कोचिंग भी करवाने का प्रयास करें। उन्होंने यहभी कहा कि इससे बड़ा परोपकार और नहीं हो सकता है कि आप एक बच्चे के भविष्य को बनाएंगे।

# लाखों के डस्टबिन गायब कटघरे में जनपद पंचायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर, 01 अगस्त।** पहले रिपा योजना से मशीनें गायब हुईं और अब रूद्रारम पंचायत में 6.17 लाख रुपये की डस्टबिन खरीदी पर सवाल खड़े हो गए हैं। पंचायत दस्तावेजों में अगस्त और दिसंबर 2023 में कुल 520 डस्टबिन खरीदे जाने का जिक्र है, लेकिन अधिकांश ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कभी कोई डस्टबिन मिला ही नहीं।

पंचायत द्वारा 425 मकानों में डस्टबिन वितरण का दावा किया गया था, लेकिन कागजों में खरीदी हुई डस्टबिन जमीनी हकीकत में नजर नहीं आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि केवल हाईवे किनारे के कुछ मकानों को ही डस्टबिन दिए गए, बाकी वार्ड पूरी तरह उपेक्षित हैं।

ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाए हैं कि एक ही पंचायत में कुछ महीनों के भीतर डस्टबिन की कीमत 2,500 रुपये से घटकर 750 रुपये कैसे हो गई? बाजार में डस्टबिन की औसत कीमत 400-600 रुपये है, ऐसे में खरीदी दरें भी शक के घेरे में हैं।

इस पूरे मामले में जनपद पंचायत भोपालपटनम के सीईओ सुरेश देवांगन ने कहा, आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। यदि डस्टबिन खरीदी कर वितरण नहीं किया गया है, तो यह जांच का विषय है। जल्द ही इसकी जांच कराई जाएगी।

यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी रूद्रारम पंचायत में 90 लाख से अधिक के खर्च और वर्षों से जर्जर सड़कों की अनदेखी को लेकर शिकायतें उठ चुकी हैं। ग्रामीणों की मांग है कि डस्टबिन घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### पॉलिटेक्निक कांकेर में 7 दिवसीय छात्र प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ

## कलेक्टर ने किया पॉलिटेक्निक के छात्रों को संबोधित



**कांकेर, 01 अगस्त।** जिले के कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में छात्रों के 07 दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें व्यापक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार कर विश्व पटल पर नाम रोशन करने के लिए आह्वान किया।

कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासकीय क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित है। साथ ही इंजीनियरिंग छात्रों को निजी क्षेत्रों में मिल रहे रोजगार के सुनहरे अवसर को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने अपने छात्र जीवन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय से बी.ए.एम.एस. की उपाधि ली, लेकिन कालान्तर में समाजसेवा में रूचि होने के कारण उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा सन् 2011 में उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बने। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इंजीयनिरिंग के क्षेत्र में नवाचार को अपनाते हुए एक अच्छे इंजीनियर बनें, साथ ही अपने लिए वृह्द स्तर पर उपलब्ध रोजगार की सम्भावनाओं और अवसरों को स्वीकार करें। कलेक्टर ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अवसरों का लाभ उठाने और एक उत्कृष्ट इंजीनियर बनने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

प्रबोधन कार्यक्रम में शासकीय मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर श्री धीरज कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफ्ल होने के टिप्स दिए। उन्होंने एक अच्छे इंजीनियर के लिए भाषा के प्रस्तुतिकरण विषय पर प्रकाश डाला एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों से भलीभांति परिचित होने का आह्वान किया ताकि वे एक सफ्ल इंजीनियर बन सकें।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने संस्था में बाउण्ड्रीवाल एवं नलकूप खनन के लिए सी.एस.आर. मद से त्वरित स्वीकित के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अब ग्रामीण अंचल बोलेंगे डिजिटल भाषा

### वाडला सहित कई गांवों को मिला नेटवर्क का तोहफा



**बीजापुर, 01 अगस्त।** भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत सुदूर गांव वाडला में अब मोबाइल नेटवर्क की गूंज सुनाई देगी। वर्षों से संचार सुविधा से वंचित रहे ग्रामीणों को आखिरकार बेहतर नेटवर्क की सौगात मिल गई। बुधवार को ग्राम वाडला में जिओ मोबाइल टॉवर का विधिवत संचालन प्रारंभ हुआ, जिससे आसपास के गांव पोलेम, मटटीमरका और गोखुर के हजारों ग्रामीणों को अब मोबाइल और इंटरनेट सुविधा का लाभ मिलेगा।

यह पहल छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना और केंद्र सरकार की यूएसओएफ योजना के तहत पूरी की गई है। संचार सुविधा की बहाली से न केवल स्थानीय निवासियों को अपने परिवार व मित्रों से जुड़ने में आसानी होगी, बल्कि छात्रों और युवाओं को ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच भी अब सुलभ हो गई है।

गांव में नेटवर्क के शुरू होने से सुरक्षा, आपातकालीन सेवा, प्रशासनिक संपर्क और डिजिटल लेनदेन जैसे क्षेत्रों में भी प्रभावी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें छोटी- छोटी बातों के लिए ब्लॉक मुख्यालय नहीं दौड़ना पड़ेगा। इस कदम को क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक जीवन के लिए डिजिटल क्रांति की नींव माना जा रहा है। डिजिटल समावेशन की यह पहल आदिवासी अंचलों के समग्र विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## एक लाख 40 हजार किसानों को मिला ब्याज मुक्त ऋण

**जगदलपुर, 01 अगस्त।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर द्वारा संचालित सहकार से समृद्धि योजना ने क्षेत्र के किसानों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। ब्याज मुक्त ऋृण वितरण और खाद-बीज वितरण के माध्यम से इस योजना से किसान सशक्त हुए हैं और बस्तर संभाग के किसानों के लिए यह एक वरदान साबित हुई है।

योजना के तहत ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसल ऋृण वितरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बस्तर संभाग के कुल 7 जिलों में 950 करोड़ रुपये का ऋृण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से एक लाख 39 हजार 779 किसानों को 727 करोड़ 45 लाख रुपए का ऋृण वितरण किया जा चुका है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने संस्थाओं की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ बच्चों से किया आत्मीय संवाद



**बीजापुर, 01 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मंगलवार को अपने बीजापुर प्रवास के दौरान जिले में संचालित महिला-बाल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों, महिलाओं एवं जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता और संचालन का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने सबसे पहले टुमोरोज फाउंडेशन द्वारा संचालित बालक गृह तथा जिला प्रशासन के अधीन बालिका गृह का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां निवासरत बच्चों से सीधे बातचीत कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे को पढ़ाई के लिए सभी आवश्यक संसाधन विशेष रूप से ट्यूशन की सुविधा मिले। बालिका गृह में निवासरत एक दिव्यांग बच्ची के लिए कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके बाद मंत्री सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंची। अपने दौरे के अंतिम चरण में मंत्री ने नशामुक्ति केंद्र पहुंचकर उपचाररत लोगों से मुलाकात की। इस दौरान बीजापुर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक श्री पी.एल. एल्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मोतियाबिंद पीड़ित दो बच्चों का सफल ऑपरेशन



**जगदलपुर, 01 अगस्त।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में बस्तर जिले को मोतियाबिंद मुक्त करवाने की दिशा में महारानी अस्पताल जगदलपुर के नेत्र चिकित्सालय अम्बक में लगातार मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सुकमा एवं बस्तर जिले के मोतियाबिंद पीड़ित दो बच्चों का सफ्ल ऑपरेशन किया गया। जिसमें ग्राम कुमाकोलेंग सुकमा निवासी पूरन नाग पिता स्वर्गीय जानकू नाग उम्र 10 वर्ष के दोनों आंख में मोतियाबिंद था जिसके बाईं आंख का ऑपरेशन हुआ। इसी तरह ग्राम पलवा विकासखंड तोकापाल निशांत पिता मुन्ना पटेल उम्र 13 वर्ष के दाहिनी आंख का सफ्ल ऑपरेशन किया गया। उक्त ऑपरेशन के दौरान नेत्र सर्जन डॉ. सरिता थॉमस सहित नेत्र सहायक अधिकारी श्री कन्नूर हनुमंत राव, स्टाफ नर्स अन्नपूर्णा साहू, नेत्र सहायक अधिकारी श्री भावेश सार्वा और अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## 29 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को दी गई भावभीनी विदाई

**जगदलपुर 01 अगस्त।** बस्तर जिले में गुरुवार को 29 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को एक भावभीनी विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री हरिस एस ने स्वयं उपस्थित होकर इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान कर उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समारोह में कलेक्टर श्री हरिस एस ने अपने संबोधन में कहा कि इन कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ वर्षों तक शासकीय सेवाओं में अपना योगदान दिया है, इन सभी ने जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस दौरान सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने भी अपनी सेवाओं और अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन श्री कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी सहित उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त साथियों को शुभकामनाएं दीं।

## अपोलो अस्पताल पर गंभीर लापरवाही के आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली, 01 अगस्त।** जिले के बचेली क्षेत्र में एनएमडीसी के सहयोग से संचालित अपोलो सेंट्रल अस्पताल पर इलाज में लापरवाही, भेदभाव और एंबुलेंस सुविधा न देने जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं। मरीजों और परिजनों का कहना है कि अस्पताल में इलाज से पहले यह देखा जाता है कि वह एनएमडीसी कर्मचारी हैं या नहीं, आदिवासी हैं या सामान्य वर्ग के।

गंभीर मरीजों को 10 किमी दूर किरंदुल अस्पताल भेजा जाता है लेकिन एंबुलेंस नहीं दी जाती। हैरानी की बात यह है कि एनएमडीसी ने हाल ही में बीजापुर जिले को सीएसआर के तहत 8 नई एंबुलेंस दी हैं जबकि स्थानीय मरीज इससे वंचित हैं। 32 सालों से संचालित इस अस्पताल में आज भी न कार्डियोलॉजिस्ट, न न्यूरोसर्जन और न ही जरूरी आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। मरीजों को हैदराबाद, रायपुर या विशाखापत्तनम रेफर कर दिया जाता है। कई मरीज समय पर इलाज व एंबुलेंस नहीं मिलने से जान गंवा चुके हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल एक प्रशिक्षण केंद्र बन चुका है, जहां अनुभवहीन डॉक्टर तैनात हैं। जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने एनएमडीसी प्रबंधन से अपोलो अस्पताल की व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता की मांग की है।

## न्यायालय के आदेश पर वाहन चालक को भेजा गया जेल



**दंतेवाड़ा 01 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी के हमराह स्टाफप्रधान आरक्षक थान सिंह देशमुख, आरक्षक आदित्य कंदोई ,हेमलाल रावते, वीरेंद्र कुमार वर्मा एवं यातायात की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 27/07/25 को वाहन चेकिंग के दौरान गायत्री चौक दंतेवाड़ा में ट्रक चालक आधिपत्य वाहन क्रमांक TS 29 TB 5679 को प्रतिबंधित क्षेत्र एवं बिना मूल दस्तावेज के वाहन चलाने पर माननीय सीजेएम न्यायालय दंतेवाड़ा प्रस्तुत किया गया जहां पर माननीय न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने एवं मूल दस्तावेज पेश नहीं करने पर ट्रक चालक याकूब पासा पिता एच डी रहीम उम्र 29 वर्ष साकिन भद्राद्री तेलंगाना को 22100 के अर्थ दंड से दंडित किया गया परंतु ट्रक चालक द्वारा अर्थ दंड की राशि जमा नहीं करने पर माननीय न्यायालय द्वारा 01 माह 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## दंतेवाड़ा में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर राज्य स्तरीय आयोजन




**दंतेवाड़ा 01 अगस्त।** श्रीरामचरित मानस जैसा पावन ग्रन्थ रचकर विश्व को उपहार देने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर दंतेवाड़ा में राज्य स्तरीय समारोह गुरुवार को आयोजित हुआ। मेंडका डोबरा मैदान के मंच पर यह गरिमामय आयोजन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ की जिला इकाई के तत्वावधान किया गया। इस कार्यक्रम में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व कांकेर सांसद मोहन मंडावी, प्रतिष्ठान के अध्यक्ष जगदीश देशमुख, महासचिव राजेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता भी शामिल हुए। विधायक चैतराम अटामी ने आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते कहा कि रामचरित मानस का मर्म समझकर इसे अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है।

**10 विधाओं में मिलेगा अलंकरण**

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के महासचिव राजेन्द्र ठाकुर ने प्रतिष्ठान द्वारा जल्द ही अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 अलग-अलग क्षेत्रों में वार्षिक अलंकरण दिए जाएंगे।

**नन्हें कलाकारों ने मन मोहा**

इस आयोजन में श्रीराम आदर्श प्रचार मंच कबीरमठ नादिया, जिला राजनांदगांव की प्रस्तुति के दौरान 4 वर्षीय नन्ही बच्ची मोक्षिता साहू की तन्मयता से प्रभावित होकर अतिथियों ने उसे नगद व अन्य पुरस्कारों से नवाजा। इसी तरह दुर्ग जिले के रेंगा कठेरा, गुंडरदेही से पहुंची राम सागर मानस मंडली में 6 वर्षीय वाणी साहू द्वारा तबला वादन करते हुए अपनी गायिका माता के साथ जुगलबंदी को भी लोगों से सराहा।

## तुलसी जयंती पर सरयू साहित्य द्वारा पूजन-अर्चन, पौधरोपण व अनुष्ठान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 01 अगस्त।** रामचरितमानस के कालजयी रचनाकार गोस्वामी तुलसीदास जिन्होने भगवान राम की महिमा एवं जीवन लीला को सरल सुबोध एवं जनभाषा मे प्रस्तुत कर मानव समाज को ऐसी अमूल्य कृति प्रदान की है कि घर घर मे रामचरितमानस केवल आस्था एवं श्रद्धा की कृति नही वरन समाज मे आदर्श स्थापना के लिए अहम प्रेरक के रुप मे स्थापित हो चुकी है। तथा हनुमान के परम भक्त संत शिरोमणी की उपाधि से शुशोभित तुलसीदास जी जन जन मे एक अत्यंत गौरवपूर्ण नाम के परिचायक बन चुके है। तुलसी जयंती के उपलक्ष्य मे बिजली आफिस प्रांगण मे स्थित श्री बिजलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मे पूजन अर्चन का आयोजन किया गया,बिजली विभाग के एई वासुदेव साहू की विशेष उपस्थिति मे आयोजित अनुष्ठान मे हनुमान लला एवं तुलसी दास जी के पूजन अर्चन एवं भक्तिमय जयकारे के उपरांत प्रकृति को समर्पित अनुष्ठान पौधारोपण की कड़ी के तहत मंदिर प्रांगण मे बेल नीम,आम एवं मीठा नीम पौधे का रोपण किया गया,उसके उपरांत उदबोधन की कड़ी मे परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा तुलसीदास जी के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला गया वहीं एई वासुदेव साहू द्वारा रामचरितमानस की महिमा का बखान करते हुए समस्त जनों को तुलसी जयंती की बधाई दी गयी,इस अवसर पर पत्रकार मुकेश शर्मा,हरिहर शर्मा,मानिक प्रसाद मोनू दुबे,प्रभु साहू,योगेश देवांगन आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# 50 वर्षों से दंतेश्वरी मंदिर में देवनाथ बजा रहे हैं बाजा मोहरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### दादा-परददा भी फूंकते थे मोहरी, अब अगली पीढ़ी शायद न बजाए : देवनाथ नाग

**दंतेवाड़ा 01 अगस्त।** बस्तर के आदिवासियों की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी मंदिर के पुजारियो व यहां समयदान देने वाले अन्य सेवादारों की बातें उनके कहानी किस्से तो हम सब सब सुनते रहे हैं मगर वहीं दुसरी ओर मंदिर में सेवा देने वाले सबसे नीचे पायदान के सेवादारों की बात करें तो उनकी चर्चा कभी नहीं होती। आज हम मंदिर में पिछले 5 दशकों से भी ज्यादा समय से सेवा दे रहे माईजी के एक माटीपुत्र के विषय में कुछ कही-अनकही बातें करने जा रहे हैं जो शायद हमारे सुधि-पाठकों को नही पता होगा। माई दंतेश्वरी देवी की भव्यता-दिव्यता व इनकी महिमा से हर कोई परिचित है। बस्तर के मोहरी बाजा पर बात करने से पहले बता दें कि बस्तर के देव, देवी मंदिरों में हो या यहां के वांशिदों के घरों में पूजा पाठ या शादी ब्याह का अवसर। बस्तरिया ढोल व बाजा मोहरी के बगैर कोई भी शुभ कार्य पूर्ण नहीं होता। आज चर्चा यहां दंतेश्वरी मंदिर में पिछले 5 दशक से भी ज्यादा समय से बाजा मोहरी फूंकने वाले देवनाथ नाग दादा की कर रहे हैं। दंतेश्वरी मंदिर दन्तेवाड़ा में मंदिर के भीतर एक कोने में बैठे बाजा मोहरी फूंकने वाले सेवादार देवनाथ दादा पर शायद ही किसी भक्त की नजर पड़ती होगी। श्रद्धालुजन आते हैं माता के दर्शन पूजन कर वापस लौट जाते हैं मगर मोहरी फुंकने वाले नाग दादा पर किसी की नजर नहीं पड़ती वे वहीं बैठे माईजी के समक्ष बाजा मोहरी बजाकर उनकी आराधना में खोए रहते हैं। एक चर्चा में देवनाथ नाग ने बताया कि वे कतियाररास के निवासी है। मंदिर की ओर से उन्हें मोहरया नाम दिया गया है इसका अर्थ यह हुआ कि बाजा मोहरी बजाने वाला। नाग दादा ने कहा कि जब वे छोटे थे तो गाय चराने जंगल जाते थे। पढ़ाई की नहीं तो पिता उनसे गाय चराने जंगल भेज देते थे। बीच बीच में पिता दुखू उन्हें अपने साथ मंदिर भी ले जाते थे। उनको बाजा मोहरी बजाते देख देखकर मैने भी मोहरी बजाना सीख लिया



। अभी मंदिर में सेवा देते करीब 50 साल का वक्त बीत चुका है आज भी सेवा निरंतर जारी है। अभी उम्र 70 वर्ष पहुंच चुकी है। उन्होने बताया कि वे 20 वर्ष के उम्र से ही मोहरी बजाने के काम में लग गए थे। पिताजी के देहांत के बाद से ही वे मंदिर में मोहरी फूंकने के काम में लग गए थे। पिता से पहले दादा गिरधर नाग भी मंदिर में बाजा मोहरी बजाते थे। देवनाथ ने बताया कि माईजी के मंदिर में बाजा मोहरी बजाना हमारा पुश्तैनी काम है। रजवाड़े के जमाने से ही इस काम की जिम्मेदारी हमारे परिवार को मिली थी। जिसे मेरे द्वारा आज भी निभाया जा रहा है। सुबह व शाम में आरती के वक्त हर रोज मंदिर में आकर मोहरी बाजा बजाना होता है। इस काम के लिए टेम्पल कमेटी की ओर से हर माह 1250 रूपए पारिश्रमिक दिया जाता है। पिताजी को उस दौर में 1 रूपए से 2.50 पैसे महिना मिलता था। देवनाथ दादा ने कहा कि चुंकि यह उनके परिवार का पुश्तैनी काम है इसलिए वे इसे निभा रहे हैं लेकिन आने वाली पीढ़ी इसे आगे बढ़ा पाएगी इस पर उन्हें संशय है। नाग दादा कहते हैं कि उनके 2 पुत्र हैं मगर वे इस काम को करना नहीं चाहते। बच्चों का कहना है कि इतने कम पैसे में हम सेवा नहीं दे पाएंगे। पहले की बात और थी थोड़े से पैसे में बहुत सारा सामान मिल जाया करता था लेकिन आज जमाना बदल चुका है । महंगाई आसमान छू रही है। हर चीज महंगे हो चुके हैं। मजदूरी दर भी 500 रूपए पहुंच गया है। नाग दादा का कहना है कि मंदिर कमेटी की ओर से उन्हें पारिश्रमिक बहुत ही कम दिया जा रहा है। आज की महंगाई को देखते हुए कम से कम 5000 रू. दिया जाना चाहिए। वे कहते हैं कि उन्हें इस बात की चिंता भी है कि अगर ये पुश्तैनी काम यहीं समाप्त हो जाता है तो माई दंतेश्वरी कहीं उनसे रूष्ट न हो जाए। इसलिए उनकी कोशिश होगी कि बेटे न सही अपने पोते को वे इस काम को सिखाएंगे । आगे भी हमारे ही परिवार का ही कोई सदस्य इस काम को आगे बढ़ाए ऐसी उनकी ख्वाहिश है।

## रक्षाबंधन के लिए राखियों का बाजार सजकर तैयार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 01 अगस्त।** भाई-बहनों का पवित्र त्यौहार श्रावणी रक्षा बंधन के लिए राखी का बाजार सज चुका है। रंग बिरंगे राखी बिकने के लिए बाजारों में पहुंच चुके हैं। पर्व के आने में अभी सप्ताह भर का समय बचा है वहीं दूर दराज में रहने वाले भाईयों के लिए राखी खरीदने बहनें स्टॉल पर पहुंचने लगी हैं।

भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षा बंधन के आने में अब महज कुछ दिन ही शेष रह गया है। घर से दूर रहने वाले अपने भाईयों को राखी भेजने के लिए बहनें बाजार से राखियों की खरीददारी करने लगी है। बाजारों में रेशम के धागों से बने रंग बिरंगे राखियों की दुकान सजने लगी है। रेस्ट हउस रोड में स्थित अजय फैंसी, अनमोल फैंसी एवं सुनीता फैंसी स्टोर में में सजी राखियों के दुकान में 10 रूपये से लेकर 500 रूपए तक के राखी उपलब्ध है। कोलकाता और बाम्बे से भारतीय राखी के अलावा बाजार में चाईनिज राखी भी उपलब्ध है। राखी की दुकान लगाने वाले नितिन साहू ने बताया कि दुकान में आने वाली महिलाएं रेशम की पारंपरिक ट्रेडिशनल राखियां ही पसंद कर रही है। कुछ युवतियां स्टोन से बनाई गई राखी, मोतियों वाली राखी या फिर चंदन की लकड़ी से बनाई गई राखी पसंद कर रही है। रक्षा बंधन का त्यौहार आने में अभी सप्ताह भर का वक्त है बावजूद बहने स्टॉल पर आकर मन पसंद की राखी खरीद रही हैं। राखी खरीदने पहुंची कुछ बहनों से बात की गई तो उन्होने कहा कि भले ही रक्षाबंधन आने में अभी 7 से 8 दिन का समय बचा हो लेकिन हम राखी पहले ही खरीदने आए हैं क्योंकि बाद में पसंद की राखी मिलती नहीं इसलिए अभी जो चाहो जैसा चाहो वैसा राखी हमें मिल पा रहा है बस इसिलिए हम पर्व से पूर्व ही राखियां पसंद करने आए हैं। रक्षा बंधन त्यौहार को देखते हुए डाक विभाग द्वारा मुख्य डाक घर में करीब 3000 वाटर प्रुफ लिफाफे भेजे गए हैं।

## एक नजर

### राजस्व मंत्री ने 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**बलौदाबाजार।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गतग्राम पंचायत सेम्हराडीह व खम्हरिया में 2 करोड़ 34 लाख 90 हजार रुपये की लागत से निर्माण होने वले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने ग्राम खम्हारिया में रंगमंच निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार हर गांव को सजाने व संवारने का कार्य कर रही है। हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाना है। योजनाओं को घर -घर पहुंचाना है। धान उपार्जन केंद्र में पक्का शेड निर्माण होगा तो धान बारिश से नहीं भीगेगा जिससे किसानों से ख़रीदा गया एक- एक दाना धान सुरक्षित रहेगा।हमने राजस्व विभाग के कार्य को पारदर्शी बनाने के लिए अवश्यक सुधार किया है। अब रजिस्ट्री के बाद सीधे नामांतरण होगा। त्रुटि सुधार के लिए भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराना भी जरुरी है। जमीन सुरक्षित नहीं रहेगी तो आने वाले समय में विकास कार्य प्रभावित होगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

### जब्त अवैध रेत की नीलामी की जाएगी

**महासमुंद, 1 अगस्त।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा तहसील महासमुंद अंतर्गत ग्राम बरबसपुर, घोड़ारी, बड़गांव एवं बिरकोनी स्थित शासकीय एवं निजी भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत को जप्त किया गया है। जप्तशुदा रेत को बोली के माध्यम से नीलामी की जाएगी।इस संबंध में खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रक्रिया में पात्र एवं इच्छुक बोलीदार भाग ले सकते हैं। नीलामी के लिए बोली जमा करने की प्रारंभिक तिथि 07 अगस्त 2025 है तथा अंतिम तिथि 11 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। प्राप्त निविदाओं को खोलने की कार्यवाही 13 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में की जाएगी। नीलामी से संबंधित नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट www.mahasamund.gov.in अथवा कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) महासमुंद, संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत महासमुंद के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

### प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन 12 अगस्त तक

**धमतरी, 1 अगस्त।** लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त करने हेतु एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस संबंध में पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि पात्रता की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग. में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र समय सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

### 21 धान खरीदी केंद्रों में बनाए जाएंगे 200 मीट्रिक टन के गोदाम

**धमतरी, 1 अगस्त।** किसानों की सुविधा और उपज की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए धमतरी जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों में 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का निर्माण किया जाएगा।

यह कार्य कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के विशेष पहल और प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने इस संबंध में 8 जुलाई को मंडी बोर्ड को प्रस्ताव भेजा था। मंडी बोर्ड ने प्रस्ताव को सहमति प्रदान करते हुए 30 जुलाई को कुल 268.38 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

# स्कूल भवन जर्जर,झोपड़ी में पढ़ने को मजबूर बच्चे







रिजवान मेमन

**धमतरी,1 अगस्त।** जिले के नगरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खल्लारी के आश्रित ग्राम गाताबहारा में स्कूल भवन जर्जर हालात में है। जगह-जगह दीवारों में दरारें हैं, छत से स्लेट गिरती है और बारिश के दिनों में भवन पानी से भर जाता है। ऐसे हालात में गांव के पालक और ग्रामीण बच्चों की शिक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

जर्जर स्कूल भवन में अब पढ़ाई संभव नहीं रही, इसलिए ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा बनवाए जा रहे अधूरे कर्मचारी आवास में अस्थाई रूप से बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया है। लेकिन यह भवन जैसे ही पूरा होगा, वन विभाग के अधिकारी इसमें निवास करने लगेंगे। ऐसे में बच्चों के पास फिर से पढ़ाई का संकट खड़ा हो जाएगा।

#### ग्रामीणों ने लिया झोपड़ी निर्माण का संकल्प

रमेश मरकाम, गया प्रसाद नेताम, पुनीत मरकाम, अकाश नेताम, राजू मरकाम व कन्हैया राम मरकाम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे अब अपनी ही राशि से बच्चों के लिए झोपड़ी बना रहे हैं। झिल्ली खरीदी जा चुकी है और लकड़ी का ढांचा भी तैयार हो रहा है। कृषि कार्य समाप्त होते ही ग्रामीण श्रमदान कर झोपड़ी निर्माण पूरा कर लेंगे।

#### गांव में नहीं है एक भी सरकारी सामुदायिक भवन

ग्रामीणों ने बताया कि गाताबहारा में न तो रंगमंच है, न ही सामुदायिक भवन। अगर ऐसा कोई भवन होता तो वहीं स्कूल संचालित किया जा सकता था। वर्तमान में किसी भी बैठक या सामाजिक आयोजन में ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है।

#### राजस्थान हादसे ने ग्रामीणों को किया सतर्क

हाल ही में राजस्थान में एक जर्जर स्कूल भवन गिरने से 14 बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना ने गाताबहारा के ग्रामीणों को भी झकझोर दिया। इसके बाद उन्होंने स्वयं निर्णय लिया कि वे अब खंडहर हो चुके भवन में बच्चों को नहीं पढ़ाएंगे और अपनी मेहनत और संसाधनों से सुरक्षित झोपड़ी में पढ़ाई कराएंगे।

## टाइगर रिजर्व में सड़क किनारे दिखा तेन्दुआ

**धमतरी, 1 अगस्त।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सड़क किनारे निडर तेन्दुआ दिखा जो सड़क से जा रहे वाहनों को घूर रहा था। कुछ देर बार लगातार हॉर्न बजाने पर वह झाड़ियों में जा छिपा । अब इस तेंदुए का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



जिले के बोरई मार्ग पर स्थित उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक निडर तेन्दुआ सड़क किनारे खुलेआम दिखाई दिया। यह तेन्दुआ जंगल से सटे मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ियों में बैठा था और गुजरते वाहनों को निडरता से घूर रहा था। राहगीरों और वाहन चालकों ने जब उसकी फोटो ली, तब भी वह शांत खड़ा रहा।बाद में हॉर्न की आवाज सुनने पर तेन्दुआ धीरे-धीरे झाड़ियों में चला गया लेकिन वहां से भी लगातार वाहनों को घूरता रहा। यह पूरा नजारा कैमरे में कैद हो गया और वीडियो वायरल होने के बाद से वाहन चालकों में खौफ फैल गया है। अब बाइक सवार और चारपहिया वाहन चालक दोनों ही सुनसान जंगल मार्ग पर गाड़ी रोकने या उतरकर आराम करने से कतरा रहे हैं। खासकर बाइक चालकों में दहशत और अधिक देखी जा रही है क्योंकि जिस स्थान पर तेन्दुआ नजर आया, वहां अक्सर लोग रुककर आराम करते थे। वन विभाग को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं के बाद सतर्कता बढ़ाए और ऐसे स्थानों पर गश्त भी तेज की जाए।

## संयुक्त टीम ने किया कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण

**बलौदाबाजार,1 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में कृषि आदान व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त टीम द्वारा कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है । इसी कड़ी में भाटापारा एसडीम अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने बुधवार को भाटापारा में संचालित उर्वरक विक्रय केंद्र अतुल एंटरप्राइजेस एवं जैन लोहा बाड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित किसानों से उर्वरक की आपूर्ति के संबंध में चर्चा किया गया जिस पर कृषकों के द्वारा आवश्यकता अनुसार उचित उत्पाद उचित दर पर प्राप्त होने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा विक्रय केंद्रों को शासन के नियम अनुसार उर्वरक वितरण हेतु निर्देश दिए गए। सिमगा विकासखंड निरीक्षक जयइंद्र कंवर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भागिरथी प्रजापति द्वारा सिमगा में संचालित किसान कृषि केंद्र एवं सोनकर कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं था जिस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह विकासखंड पलारी निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ग्राम देवसुन्द्रा के भूमि कृषि केंद्र एवं मुन्ना कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं पाया गया जिस कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदाबाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा ग्राम सरखोर के गोवर्धन कृषि केंद्र, साईं कृषि केंद्र प्रगति कृषि केंद्र एवं अक्षांश ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं था ।



### टिफिन वितरण की हुई शुरुआत, 1800 बच्चे होंगे लाभान्वित

## छात्रावास के बच्चों को अब स्कूल में मिलेगा पौष्टिक भोजन



**रायगढ़, 1 अगस्त।** रायगढ़ जिले के सभी प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावासों के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 1800 विद्यार्थियों को अब स्कूल समय में टिफिन के माध्यम से पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराया जाएगा।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में इस नवाचारपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन छात्रावास विद्यार्थियों के लिए की गई है जिनका स्कूल समय प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है।आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री श्रीकांत दुबे ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के बच्चों को जहां मध्यान्ह भोजन योजना के तहत भोजन उपलब्ध कराया जाता है, वहीं प्री-मैट्रिक छात्रावास के बच्चे उस समय बिना भोजन के रह जाते थे। इसे ध्यान में रखते हुए यह पहल शुरू की गई है, ताकि छात्रावासों के विद्यार्थी भी स्कूल में अध्ययन के दौरान पौष्टिक आहार प्राप्त कर सकें। पहल के तहत आज पुसौर एवं कोड़ासिया स्थित प्री-मैट्रिक छात्रावास के विद्यार्थियों को दोपहर में टिफिन के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया। जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल से न केवल विद्यार्थियों को पोषण मिलेगा, बल्कि उनकी शैक्षणिक उपलब्धि में सुधार होगा।

### आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 11 अगस्त तक

**रायगढ़, 1 अगस्त।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मनुवापाली एवं केराझर में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो 11 अगस्त 2025 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)के कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है।

## 145 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**बलौदाबाजार,1 अगस्त।** आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में बुधवार को आबकारी की टीम ने 145 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त एवं 690 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया।

कसडोल वृत्त ग्राम हसुआ बलौदा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण की सूचना पर आरोपी का विधिवत तलाशी लेने पर 15 ली. क्षमता वाली 4 प्लास्टिक जरीकेन में कुल 60 बल्क ली. महुआ मदिरा, 10 ली. क्षमता वाली 3 प्लास्टिक जरीकेन में लगभग 30 बल्क ली. महुआ मदिरा, 20 ली. क्षमता वाली 1 प्लास्टिक जरीकेन में कुल 20 बल्क ली. महुआ मदिरा कुल 110 बल्क ली. महुआ मदिरा जब्त किया गया और नदी किनारे 23 प्लास्टिक झिलियो में 690 किलोग्राम मदिरा निर्माण योग्य लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 22,000 रुपये एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 41,400 रुपये होना पाया गया । अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2),59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।इसी तरह गुरूवार को पलारी वृत्त के थाना पलारी अंतर्गत ग्राम रामपुर में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी अनिल जांगड़े पिता चेतन जांगड़े के कब्जे से 35.0 बल्क ली. महुआ मदिरा जब्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 7,000रूपये है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) का उल्लंघन होना पाया गया। आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया।

## स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण जरुरी: टंकराम वर्मा

**बलौदाबाजार।** राजस्व मन्त्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत मिडिल स्कूल भाठागांव के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जामुन का पौधा लगाया। इसके साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने भाठागांव में पीड़ीएस भवन, मुक्तिधाम निर्माण तथा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। यह अभियान केवल पेड़ लगाना ही नहीं है बल्कि इसमें भावनात्मक जुड़ाव भी है। हम सबको मिलकर धरती को हरा -भरा बनाना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें।उन्होंने कहा कि कोई भी ख़ुशी का मौका हो पेड़ जरूर लगाएं।हमारी सरकार ने पिछले 17-18 महीने में तेजी से विकास कार्य किया है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि प्रदेश गांव से लेकर शहर तक तेजी से विकास करे। सरकारी सम्पत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हम सबको लेनी होगी।

## समाचार संक्षेप

### रायपुर में विधायक अनुज शर्मा देंगे व्याख्यान

**रायपुर, 1 अगस्त।** धरसीवां विधायक अनुज शर्मा को भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह प्रेरणादायक संगोष्ठी शनिवार, 2 अगस्त को रायपुर परिसर में आयोजित की जाएगी। रायपुर की एक विशिष्ट मासिक व्याख्यान श्रृंखला है, जिसके अंतर्गत प्रशासन नेतृत्व, जनसेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तित्वों को आमंत्रित किया जाता है। यह मंच युवाओं को प्रेरणा देने, विचारों के आदान-प्रदान और नेतृत्व के निर्माण का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। अनुज शर्मा इस कार्यक्रम में जनसरोकार, नेतृत्व और सांस्कृतिक चेतना विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी संवेदनशीलता, एक अभिनेता के रूप में उनकी रचनात्मकता, और एक जनसेवक के रूप में उनका अनुभव युवाओं के लिए निःसंदेह प्रेरणादायक होगा।इस कार्यक्रम में रायपुर के छात्रगण, प्राध्यापकगण, संस्थान के अधिकारीगण एवं आमंत्रित विशिष्टजन शामिल होंगे। रायपुर जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में युवाओं से संवाद का अवसर पाना मेरे लिए गर्व का विषय है। ज्ञान-वर्षा में भागीदारी के लिए मैं उत्साहित हूं। यह मंच सिर्फ विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि नेतृत्व की नई दृष्टि गढ़ने का भी माध्यम है। अनुज शर्मा की यह भागीदारी न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित करेगी, बल्कि यह कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व और मूल्यों के प्रति नवचेतना का संचार करेगा।



### जिले में उर्वरक आपूर्ति सुचारु रूप से जारी, सहकारी समितियों के माध्यम से लक्ष्य का 70 प्रतिशत किया जा चुका है वितरण

**रायगढ़, 1 अगस्त।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में खरीफ सीजन हेतु किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से जारी है। अब तक जिले के सहकारी समितियों के माध्यम से लक्ष्य का 70 प्रतिशत उर्वरक वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में सहकारी समितियों में यूरिया 1185 मीट्रिक टन, डीएपी 539 मीट्रिक टन, एनपीके 106 मीट्रिक टन, पोटाश 369 मीट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 739 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न संग्रहण केंद्रों में 1219 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण भी किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक श्री अनिल वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन और कृषि विभाग के समन्वय से उर्वरकों की उपलब्धता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अब तक जिले में सहकारी क्षेत्र के माध्यम से कुल 24,548 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण किया गया है, जिसमें से यूरिया 12,520 मीट्रिक टन, डीएपी 4,457 मीट्रिक टन, एनपीके 2,152 मीट्रिक टन, पोटाश 1,521 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 3,898 मीट्रिक टन शामिल है।

### रेडी-टू-ईट आपूर्ति हेतु महिला स्व-सहायता समूहों का प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़, 1 अगस्त।** जिले में रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री के निर्माण एवं आपूर्ति कार्य से जुड़े चयनित महिला स्व-सहायता समूहों के पदाधिकारियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में कलेक्टरके मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य रेडी-टू-ईट योजना के माध्यम से पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना, साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी-टू-ईट आपूर्ति से जुड़ी प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों और समयबद्ध आपूर्ति के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। रेडी टू ईट निर्माण एवं आपूर्ति के लिए जिले के 10 बाल विकास परियोजना हेतु महिला स्व-सहायता समूह का चयन किया गया है। उन्होंने समूहों की शंकाओं का समाधान भी किया और उन्हें कार्य निष्पादन में पारदर्शिता और दक्षता बनाए रखने की सलाह दी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से समूहों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री के निर्माण, स्वच्छता, भंडारण, वितरण प्रणाली और आवश्यक दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई। अंत्यावसायी विभाग के अधिकारी द्वारा चयनित समूह के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को शासन की ओर से अतिरिक्त अनुदान प्राप्त करने हेतु आवेदन भरकर अंत्यावसायी विभाग में जमा करने हेतु कहा गया है।

## किसानों को प्रताड़ित करने वाला शातिर गिरफ्तार

**भिलाई, 1 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के ढौर गांव के किसान को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी प्रदीप यादव पिता स्व भगवान यादव ( 33 साल ) लक्ष्मी मार्केट मधुरम ज्वेलर्स के पास राजीव नगर सुपेला का रहने वाला है। पेशे से जमीन दलाल प्रदीप यादव ने अपने साथी इन्द्रजीत यादव और राहुल सिन्हा के साथ मिलकर वर्ष 2021 में ढौर निवासी किसान जुगल किशोर बंजारे से जमीन खरीदने सौदा किया था। दलालों ने जमीन का इकरारनामा तो कर दिया लेकिन रजिस्ट्री के साथ बकाया रकम देने में टालमटोल करते रहे। जिससे तंग आकर जुगल किशोर बंजारे ने वर्ष 2024 में तीनों दलाल के नाम सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम ढौर का रहने वाला किसान जुगल किशोर बंजारे द्वारा अपनी स्वयं की ग्राम ढौर स्थित पैतृक भूमि को आर्थिक तंगी एवं स्वयं के ईलाज हेतु बिक्री करने जमीन दलाल प्रदीप यादव, इन्द्रजीत यादव एवं राहुल सिन्हा से वर्ष 2021 में सौदा तय किया था। जमीन दलालों द्वारा रजिस्ट्री नहीं कराने व पैसा नहीं देने के कारण परेशान होकर जुगल किशोर बंजारे ने वर्ष 2024 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जामुल पुलिस ने मर्ग जांच पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर आरोपी प्रदीप यादव को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पुछताछ करने पर अपने साथी इन्द्रजीत यादव एवं राहुल सिन्हा के साथ मिलकर किसान मृतक जुगल किशोर बंजारे की भूमि को 35 लाख रूपए में वर्ष 2021 में खरीदी करने का सौदा तय कर कुछ रकम एडवांस दिया एवं किसान द्वारा अपनी भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को बिक्री न कर सके इसलिए इकरारनामा कर रजिस्ट्री हेतु टाल-मटोल करते रहना बताया। किसान जुगल किशोर बंजारे ने जमीन दलालों द्वारा प्रताड़ित करने से परेशान होकर तीनों के नाम पर एक सुसाइडल नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर किया। मर्ग जांच पर सुसाइडल नोट का परीक्षण कराया गया। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अपराध दर्ज कर कार्यवाही किया गया है। आरोपी प्रदीप यादव को 31 जुलाई को गिरफ्तार कर धारा 307, 34 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया ।



## एनएलएम टीम ने जिले की 8 ग्राम पंचायतों में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का किया मूल्यांकन

रायगढ़, 1 अगस्त। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से आई नेशनल लेवल मॉनिटरिंग (एनएलएम) टीम द्वारा 21 से 30 जुलाई तक रायगढ़ जिले के लैलूंगा, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ ब्लॉक के आठ ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी स्तर पर मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण दल में शामिल निगरानी विशेषज्ञ श्री राम सागर एवं श्री जगबीर सिंह ने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन विभाग योजनाओं सहित पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों की फील्ड विजिट, दस्तावेज सत्यापन तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद कर कार्यान्वयन की वस्तुस्थिति का आंकलन किया।

दल ने मनरेगा के तहत जल संरक्षण, सड़क निर्माण जैसे कार्यों की गुणवत्ता की जांच की और रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एनआरएलएम के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की सक्रियता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति संतोषजनक पाई गई। पीएमजीएसवाय की सड़कों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप मिली। टीम ने योजनाओं की जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन करते हुए दस्तावेजों का समयबद्ध संधारण और कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मूल्यांकन टीम ने निरीक्षण अवधि में घरघोड़ा सीईओ की अनुपस्थिति पर नाराजगी भी जाहिर की।

इस अवसर पर नोडल कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रफुल्ल किंडो, एपीओ मनरेगा श्री राजेश शर्मा, डीएमएम एनआरएलएम श्री प्रवीण त्रिपाठी, जिला समन्वयक श्री हरिशंकर पटेल, उप संचालक पंचायत श्री नीलाराम पटेल, श्री महेश पटेल तथा धरमजयगढ़ सीईओ उपस्थित रहे।



## एक नजर

### चहल बोले-धनश्री से तलाक के समय सुसाइड का ख्याल आया, सिर्फ 2 घंटे सोता था



**नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने हाल ही में राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी पूर्व पत्नी, कोरियोग्राफर और इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा से तलाक के बाद के मानसिक तनाव का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि तलाक की प्रक्रिया के दौरान वह एक महीने तक केवल दो घंटे ही सो पाए और उनके मन में आत्महत्या के विचार आए। चहल ने कहा, 'मैंने अपने दोस्तों से यह बात साझा की। मुझे क्रिकेट से ब्रेक चाहिए था। मैदान पर भी मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था।' चहल और धनश्री के तलाक को 20 मार्च 2025 को मुंबई की फैमिली कोर्ट ने मंजूरी दी थी। दोनों ने 11 दिसंबर 2020 को शादी की थी। चहल ने बताया कि उनका तलाक अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह एक लंबी और निजी प्रक्रिया थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों को छिपाकर सामान्य जोड़े की तरह दिखने की कोशिश की। चहल ने कहा, 'हमने फैसला किया था कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, हम कुछ नहीं कहेंगे। सोशल मीडिया पर हम सामान्य जोड़े की तरह दिखते थे, लेकिन मैं दिखावा कर रहा था।'

**महत्वाकांक्षी जिंदगियों में तालमेल की कमी:** चहल ने बताया कि उनकी और धनश्री की महत्वाकांक्षी जिंदगियों के कारण उनके बीच तालमेल नहीं बैठ पाया। उन्होंने कहा, 'रिश्ते में समझौता जरूरी है। अगर एक गुस्से में हो, तो दूसरे को सुनना पड़ता है। दो महत्वाकांक्षी लोग साथ रह सकते हैं, लेकिन सबके अपने लक्ष्य और जिंदगी होती है।'

**अफवाहों पर चहल का जवाब:** तलाक के दौरान चहल के खिलाफधोखेबाजी की अफ्वाहें फैलीं। उन्होंने दुख जताते हुए कहा, 'लोगों ने मुझे धोखेबाज कहा, लेकिन मैंने कभी धोखा नहीं दिया। मैं बहुत वफ़ादार इंसान हूं। सिर्फ किसी के साथ दिखने से लोग अफ्वाह फैलाते हैं। मेरी दो बहनें हैं, मुझे महिलाओं का सम्मान करना आता है।'

### शुभमन गिल ने गावस्कर और सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

# इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने

**लंदन, 1 अगस्त (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन शुभमन 21 रन बनाकर रन आउट हुए। छोटी पारी के बावजूद उन्होंने सुनील गावस्कर और गैरी सोबर्स के 2 रिकॉर्ड तोड़ दिए। राहुल ने सीरीज में एक हजार गेंदें भी खेल लीं।

**सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान :** शुभमन गिल 21 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के साथ उनके मौजूदा सीरीज में 743 रन हो गए हैं। इसी के साथ शुभमन एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए। उन्होंने गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ6 टेस्ट की सीरीज में 732 रन बनाए थे।

**सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान :** शुभमन 743 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज सर सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। सोबर्स ने 1966 में 722 रन बनाए थे।

**राहुल ने सीरीज में 1000 गेंदें खेलीं:** टीम इंडिया के ओपनर केएल राहुल 40 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में एक हजार से ज्यादा गेंदें खेलने वाले तीसरे भारतीय ओपनर बन गए। किसी भारतीय ओपनर ने 11 साल बाद यह कारनामा किया। 2014 में मुरली विजय ने इंग्लैंड में ही 1054 गेंदें खेली थीं। इन 2 के अलावा सुनील गावस्कर ओपनिंग करते हुए 5 बार एक टेस्ट सीरीज में 1000 से ज्यादा गेंदें खेल चुके हैं।



### क्रिस वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर हो सकते हैं, कंधे में चोट



भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन इंग्लैंड टीम को झटका लगा। टीम के पेसर क्रिस वोक्स इंजर्ड हो गए और वे अब कंधे की चोट के कारण बचे हुए मैच से बाहर हो सकते हैं। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है और दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले उनके मैदान पर उतरने को लेकर अंतिम फैसला करेगी। वोक्स को यह चोट पहले दिन भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में लगी। मिड-ऑफपर फिल्डिंग कर रहे वोक्स ने बाउंड्री पर ड्राइव लगाया और चौका बचाने में कामयाब रहे। लेकिन चौका बचाने के दौरान वे अजीब तरह से गिरे और कंधा चोटिल कर बैठे। तभी इंग्लैंड के फ़िजियो बेन डेविस दौड़कर मैदान आए और चोट की जांच की। इसके बाद वे बाएं हाथ को एक अपने जंपर की स्लिंग में बांधकर मेडिकल जांच के लिए मैदान से बाहर चले गए।

### तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी पांचवां टेस्ट : भारत ने पहले दिन 6 विकेट गंवाए, एटकिंसन-टंग को 2-2 विकेट, नायर की फिफ्टी



लंदन, 1 अगस्त (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को इंग्लैंड के स्टैंड-इन कैप्टन ओली पोप ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बॉलर्स के लिए मददगार पिच पर भारत ने पहले दिन 204 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। साई सुदर्शन 38 रन बनाकर टीम के टॉप स्कोरर रहे। कप्तान शुभमन गिल ने 21 रन बनाए। इंग्लैंड से गस एटकिंसन और जोश टंग ने 2-2 विकेट लिए। दूसरे दिन का खेल आज दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। सीरीज में पहली बार इंग्लैंड मैनेजमेंट ने बॉलर्स के लिए मददगार पिच दी। जहां हरी घास साफ नजर आई। स्विंगिंग कंडीशन के बावजूद टीम इंडिया ने पहले सेशन में 2 ही विकेट गंवाए और 72 रन बना लिए। यशस्वी जायसवाल 2 ही रन बना सके, लेकिन केएल राहुल ने 40 गेंदें खेलकर 14 रन बनाए। बारिश के कारण दूसरे सेशन का खेल देरी से शुरू हुआ। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी संभाल ली थी, तभी गिल रन आउट हो गए। उन्होंने 21 रन बनाए। उनके विकेट के कुछ देर बाद फिर बारिश आ गई, जिस कारण करीब 75 मिनट तक खेल नहीं हो सका।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पहले टी-20 में हराया



**फ्लोरिडा, 1 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज दौरे की शुरुआत जीत के साथ की है। पाकिस्तान ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 178 रन बनाए, जबकि 179 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 7 विकेट पर 164 रन ही बना सकी। सईम अयूब की अर्धशतकीय पारी और मोहम्मद नवाज की शानदार गेंदबाजी ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान 12 गेंदों पर 14 रन बनाकर 26 के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सईम अयूब और फखर जमान ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 81 रन की शानदार साझेदारी की।

सईम अयूब ने 38 गेंदों पर 57 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। वहीं, फखर जमान ने 24 गेंदों पर 28 रन बनाए। मध्यक्रम में हसन नवाज ने 18 गेंदों पर 24 रन की उपयोगी पारी खेली।

# बुलवायो टेस्ट में न्यूजीलैंड 307 पर आउट, दूसरी पारी में जिम्बाब्वे 31/2

### टीम अब भी 127 रन पीछे, कॉन्वे-मिचेल की फिफ्टी



**बुलवायो, 1 अगस्त (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच बुलवायो में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन न्यूजीलैंड अपनी पहली पारी में 307 रन बनाकर ऑलआउट हुआ। जिम्बाब्वे ने अपनी दूसरी पारी में 31 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। टीम अब भी 127 रन पीछे हैं।

**कॉन्वे ने 88 रन बनाए :** न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन 92/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ओपनर विल यंग 41 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। नंबर-3 पर उतरे हेनरी निकोल्स ने 34 रन की पारी खेली। रचिन रवींद्र 2 ही रन बना सके। डेवोन कॉन्वे फिर 88 रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुए।

**रिटायर्ड हर्ट हुए नाथन स्मिथ :** नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे डेरिल मिचेल ने एक एंड पर रन बनाने शुरू किए। हालांकि, उनके सामने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल 2, माइकल ब्रेसवेल 9, मिचेल सैंटनर 19 और मैट हेनरी 5 रन बनाकर आउट हो गए। नाथन स्मिथ 22 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हुए।

# मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे

### 14 दिसंबर को मुंबई में एक इवेंट में शामिल होंगे, तीन शहरों का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। मेसी 14 साल के लंबे समय के बाद भारत आ रहे हैं। वो 13 से 15 दिसंबर तक भारत में रहेंगे और कुल तीन शहरों का दौरा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी 13 से 15 दिसंबर तक कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम 14 दिसंबर को एक इवेंट में शामिल होंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (स्ष्ट) के एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, कुछ क्रिकेटर्स भी इस इवेंट में शामिल होंगे।

**ईडन गार्डन्स स्टेडियम भी जाएंगे:** इसके अलावा मेसी कोलकाता भी जाएंगे और वहां उनको ईडन गार्डन में सम्मानित किया जाएगा। इस इवेंट में वेस्ट बंगाल की चीफ मिनिस्टर ममता बनर्जी भी शामिल हो सकती हैं। मेसी कोलकाता में बच्चों के लिए एक फुटबॉल वर्कशॉप भी आयोजित करवाएंगे और साथ ही वो फुटबॉल क्लिनिक भी लॉन्च करेंगे।

**फ्रेंडली मैच भी खेलेंगे:** इससे पहले, 6 जून को केरल के स्पोर्ट्स मिनिस्टर वी. अब्दुरहीमन नहीं इस बात की पुष्टि की थी कि अर्जेंटीना फुटबॉल टीम जिनकी कप्तानी लियोनेल मेसी करेंगे वो अक्टूबर या नवंबर में केरल एक फ्रेंडली मैच खेलने आएंगे। ये मुकाबला तिरुवंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। केरल सरकार से इसकी बात हो चुकी है।

### डबल ओलिंपिक चैंपियन लॉरा डालमायर की क्लाइंबिंग एक्सीडेंट में मौत

**बर्लिन, 1 अगस्त (एजेंसी)।** जर्मनी की दिग्गज बेथलीट लॉरा डालमायर की सोमवार को एक क्लाइंबिंग एक्सीडेंट में मौत हो गई। 31 साल की डबल ओलिंपिक चैंपियन डालमायर पाकिस्तान के काराकोरम पर्वत श्रेणी में स्थित लैला पीक पर चढ़ाई कर रही थीं, तभी उनके ऊपर चट्टानें गिर गईं। यह जानकारी लॉरा की मैनेजमेंट टीम ने एक इंस्टा पोस्ट के जरिए दी।

डालमायर की मौत पर भारत के दिग्गज निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने भी दुख जताया। उन्होंने बुधवार को ङ्ग पर लिखा- 'लॉरा डालमायर के दुखद निधन से स्तब्ध और बेहद दुखी हूं। वह एक सच्ची ओलिंपिक चैंपियन थीं। आप बायएथलॉन की राह दिखाने वाली प्रेरणादायक हस्ती। उनका साहस, विनम्रता और प्रकृति से जुड़ाव अनगिनत लोगों के लिए प्रेरणा रहा है। उनके परिवार, प्रियजनों और ओलिंपिक परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।'जर्मन खेल जगत लॉरा के जाने से दुखी है। हम इस असमय और अचानक हुई मौत से गहरे सदमे में हैं। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं और हम जहां भी संभव होगा, मदद करेंगे। उन्होंने आगे कहा, लॉरा बहुतों के लिए खेल और जीवन दोनों में प्रेरणा थीं। उनके लक्ष्य हमेशा स्पष्ट थे और उन्होंने अपने सपनों को पूरे जुनून से जिया। लॉरा की साथी पर्वतारोही मरीना ईवा ने जब मदद के लिए इमरजेंसी सिग्नल भेजा, तो सोमवार को ही बचाव अभियान शुरू हो गया था।



पाकिस्तान की लैला पीक पर चढ़ाई कर रही थीं, शूटर अभिनव बिंद्रा ने शोक जताया

## व्यापार

# 19 किलो वाला गैस सिलेंडर 34.50 रुपए तक सस्ता हुआ

### हवाई यात्रा महंगी हो सकती है, आज से यूपीआई के नए नियम लागू, 5 बड़े बदलाव

**मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसी)।** अगस्त में 5 बड़े बदलाव हो रहे हैं, जो सीधे आपसे जुड़े हैं। आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 34.50 तक सस्ता हो गया है। इधर, कॉमर्शियल प्लेन में इस्तेमाल होने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमत 2677.88 रुपए तक बढ़ गई है। इससे हवाई सफर महंगा हो सकता है। वहीं, UPI एप्स पर बैलेंस चेक करने की लिमिट 50 हो गई है। यानी अब आप दिनभर में मैक्सिमम 50 बार अपना अकाउंट बैलेंस चेक कर पाएंगे।

**अगस्त में होने वाले 5 बड़े बदलाव**

**गैस सिलेंडर सस्ता, कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 34.50 तक घटे :** आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 34.50 तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 33.50 रुपए घटकर 1631.50 हो गई है। पहले ये 1665 में मिल रहा था। वहीं कोलकाता में ये अब 34.50 रुपए सस्ता होकर 1769 रुपए में मिलेगा।

**यूपीआई नियम बदले: एप पर 50 बार ही बैलेंस चेक कर पाएंगे:** बैलेंस चेक करने की लिमिटः अब आप एक दिन में किसी एक यूपीआई एप से 50 से ज्यादा बार अपना बैंक बैलेंस चेक नहीं कर पाएंगे।

**ऑटो-पे ट्रांजैक्शंस का समय:** ऑटो-पे (जैसे श्वस्छ्व, सब्सक्रिप्शन या बिल पेमेंट) अब दिन में किसी भी समय नहीं, बल्कि तय समय स्लॉट्स में होंगे। ये पेमेंट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम 5 बजे से रात 9:30 बजे के बीच में प्रोसेस नहीं होंगे।

**ट्रांजैक्शन स्टेटस चेक की लिमिट:** अगर कोई पेमेंट अटक जाता है तो आप उसका स्टेटस सिर्फ 3 बार चेक कर सकते हैं, वो भी हर बार 90 सेकेंड के गैप के साथ।

**चार्जबैक प्रोसेस:** बैंकों को चार्जबैक क्लेम रिजेक्ट होने पर NPCI से दोबारा अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी, इससे विवाद समाधान तेज होगा।

**क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाला इंश्योरेंस कवर बंद:** SBI ने 11 अगस्त से कुछ को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स (ELITE और PRIME) पर मिलने वाले फ्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस बंद करने का फैसला किया है। अभी तक ये कवर 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक मिलता था। यह बीमा पहले यूको बैंक, सेंट्रल बैंक, करूर वैश्य बैंक और इलाहाबाद बैंक के साथ पार्टनरशिप में दिया जाता था।



**एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) 3% महंगा हुआ**

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी ATF के दाम 2677.88 रुपए प्रति किलोलीटर (1000रु) या 3% बढ़ाकर 92,021.93 प्रति 1000रुपए कर दिए है।

इस बढ़ोतरी का सीधा असर फ्लाइट के किराए पर हो सकता है। ऐसे में आने वाले समय में एयर टिकट महंगा हो सकता है।

**आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर सकता है:** इस महीने 4 से 6 अगस्त तक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग होनी है। इस बैठक में गवर्नर संजय मल्होत्रा पैनल के साथ मिलकर ब्याज दरों में 0.25% की कटौती कर सकते हैं।

इससे पहले जून में हुई MPC की मीटिंग में RBI ने रेपो रेट को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया था। रेट कट का सीधा असर आपके लोन की EMI और सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दर पर पड़ सकता है। यानी कटौती से ब्याज दरें कम हो सकती हैं।

# अगस्त में करें करेले की इस वैरायटी की खेती, देगी रेकॉर्डतोड़ पैदावार

**नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसी)।** किसानों को कम समय में अच्छी कमाई कराने के लिए करेले ये की ये किस्म की खेती बहुत लाभदायक साबित होती है इसकी खेती में ज्यादा मेहनत और लागत की जरूरत भी नहीं होती है।करेले की खेती बहुत मुनाफे वाली साबित होती है क्योंकि इसकी मांग बाजार में बहुत होती है आज हम आपको करेले की एक ऐसी वैरायटी के बारे में बता रहे है जो कम समय में ज्यादा उत्पादन देने वाली होती है इस किस्म का स्वाद खाने में ज्यादा कड़वा नहीं होता है इसलिए लोग इसको खरीदना ज्यादा पसंद करते है। हम बात कर रहे है करेले की स्न1 लुसी वैरायटी की खेती की ये करेले की एक संकर (हाइब्रिड) किस्म है जो शाइन ब्रांड के अंतर्गत आती है। तो चलिए इसकी खेती के बारे में समझते है।



**होगी बंपर पैदावार**

करेले की एफ-1 लुसी वैरायटी की खेती से बहुत ज्यादा जबरदस्त पैदावार देखने को मिलती है ये मार्केट में बहुत डिमांडिंग होती है एक एकड़ में करेले की स्न1 लुसी वैरायटी की खेती करने से करीब 150 क्विंटल से ज्यादा पैदावार मिलती है आप इसकी खेती से करीब 1.5 लाख रूपए तक की कमाई कर सकते है। ये करेले की उच्च गुणवत्ता और अधिक पैदावार देने वाली किस्म है।

### करेले की एफ-1 लुसी वैरायटी की खेती

अगर आप करेले की स्न1 लुसी वैरायटी की खेती करना चाहते है तो आपको इसकी खेती के बारे में कुछ जरुरी बातें पता होनी चाहिए जिससे खेती करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। करेले की स्न1 लुसी वैरायटी की खेती के लिए इस किस्म के बीजों का ही चयन करना चाहिए इसके बीज आपको बाजार में बीज भंडार की दुकान में मिल जाएंगे। इसकी खेती के लिए उचित जल धारण क्षमता वाली बलुई दोमट मिट्टी आदर्श होती है। बीज बुवाई से पहले बीजों को उपचारित करना चाहिए इसकी खेती में पौधों से पौधों की दूरी 2 फीट रखनी चाहिए। करेले की स्न1 लुसी वैरायटी की खेती में गोबर की खाद का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। बुवाई के बाद इसकी फसल करीब 55 से 60 दिनों में तैयार हो जाती है।

### मिनिमम बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर पेनल्टी

# 11 सरकारी बैंकों ने पांच साल में खातेदारों से 9,000 करोड़ वसूले

**नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसी)।** देश 11 सरकारी बैंकों ने बीते 5 साल में सेविंग अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर ग्राहकों से करीब 9,000 करोड़ रुपए की पेनल्टी वसूली है।

कुछ सरकारी बैंकों ने खाते में मासिक न्यूनतम राशि न रखने पर ग्राहकों से पेनल्टी वसूली, जबकि कुछ ने तिमाही आधार पर इसकी वसूली की।

हालांकि, प्रधानमंत्री जन धन खाते, बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट और सैलरी अकाउंट जैसे खातों को न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता से छूट मिली हुई है।

**निजी बैंक नहीं मान रहे सरकार की बात:** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में इसकी जानकारी दी। मिनिस्टर ने बताया कि, डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (ष्ठस्नस्) ने बैंकों को सलाह दी है कि वे मिनिमम एवरेज बैलेंस (MAB) न रखने पर वसूली जाने वाली पेनल्टी को तर्कसंगत बनाएं।

इसमें खास तौर पर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को राहत देने पर जोर दिया गया है। ऐसा लगता है 11 सरकारी बैंकों में से 7 ने ही इस सलाह का पालन किया है। अन्य 4 बैंकों ने भी जल्द ऐसा करने की बात कही है। लेकिन कई निजी बैंक ऐसा नहीं कर रहे।

**कुछ बैंक अभी भी क्यों वसूल रहे ये शुल्क:** RBI गाइडलाइन के तहत, बैंक अपनी बोर्ड से मंजूर नीतियों के हिसाब से पेनल्टी तय कर सकते हैं। लेकिन यह जुर्माना वास्तविक बैलेंस और खाते खोलते समय सहमत न्यूनतम बैलेंस के बीच के अंतर पर एक निश्चित प्रतिशत के रूप में होना चाहिए।

### अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 2 प्रतिशत गिरा

# पहली तिमाही में कंपनी का मुनाफा 45 प्रतिशत कम हुआ, कमाई 14% भी घटी

**मुम्बई, 1 अगस्त (एजेंसी)।** वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजों के बाद अडाणी एटरप्राइजेज के शेयर में आज यानी 1 अगस्त को 2% की गिरावट है। दोपहर 2 बजे 2,386 पर कारोबार कर रहा है। बीते 5 दिन में कंपनी का शेयर 7.4%, एक महीने 9% और एक साल में 26% गिरा है। हालांकि बीते 6 महीने में इसमें 5.5% की तेजी आई है। पहली तिमाही में कमाई 14%और मुनाफा 45% कम हुआ। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 976 करोड़ रुपए का मुनाफा (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 45% कम हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 1,772 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी के संचालन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू 14% घटकर 21,961 करोड़ रुपए रहा। पिछले वर्ष समान अवधि में यह 25,472 करोड़ रुपए। पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने कुल 22,437 करोड़ रुपए की कमाई की है। सालाना आधार पर यह 13.93% घटा है। पिछले अप्रैल-जून के दौरान कंपनी ने 26,067 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

**कंसॉलिडेटेड मुनाफा मतलब पूरे ग्रुप का प्रदर्शन**

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि कंसॉलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

**अडाणी पावर का मुनाफा 13% घटकर 3,385 करोड़**

अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर लिमिटेड की पहली तिमाही में टोटल इनकम 14,574 करोड़ रुपए रही। ये पिछले साल की तुलना में करीब 6त्न कम है। कंपनी की इस कमाई में ऑपरेशन से रेवेन्यू 14,109 करोड़ रुपए रहा। वहीं अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का टोटल खर्च 10,369 करोड़ रुपए और टोटल टैक्स 899 करोड़ रुपए रहा। टोटल इनकम में से खर्च, टैक्स और अन्य खर्चे घटा दें, तो कंपनी को पहली तिमाही में 3,385 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ। ये पिछले साल की तुलना में 13.49% घटा है। अडाणी पावर ने शुक्रवार (1 अगस्त) को अप्रैल-जून तिमाही (Q1FY26, पहली तिमाही) के नतीजे जारी किए हैं।

### इस महीने 14 दिन बंद रहेंगे बैंक




**नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसी)।** इस महीने यानी अगस्त में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं।

**15 से 17 अगस्त तक लगातार 3 दिन बैंक बंद :** 15 से 17 अगस्त तक देश के ज्यादातर जगहों पर लगातार 3 दिन बैंकों में कारोबार नहीं होगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को जन्माष्टमी/कृष्ण जयंती और 17 अगस्त को रविवार के चलते बैंक बंद रहेंगे। वहीं असम में 23 से 25 अगस्त तक बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

**ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम:** आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा भाड़ाक्रय योजनार्तगत पुराना अघनपुर में स्थित निर्मित भवनों में LIG-1/24 जो कि श्री अवध नारायण सिंह पिता श्री जानकी पाल सिंह को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्री अवध नारायण सिंह पिता श्री जानकी पाल सिंह के द्वारा श्री विजय नत्थानी पिता स्व. अशोक नत्थानी को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202507101000060**

विषयः- अ-5
सनः- 2024-2025
मामले की श्रेणीः- राजस्व
**कोहका प.ह.न. 00045 [ (हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- मांगीलाल सोनी,**
**अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक-मांगीलाल सोनी पिता-स्व. तोलाराम सोनी पता-सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम-कोहका प.ह.न.45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला- दुर्ग की भूमि पुराना ख.न. 480/62 रकबा 0.005 हे./562 वर्गफीट भूमिस्वामी हक में दर्ज था बंदोबस्त पश्चात नया खसरा न. 8485 रकबा 0.0100 बना। उपर वर्णित भूमि में बंदोबस्त के दौरान रकबा 0.005 हे. के स्थान पर 0.0100 हे. दर्ज हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर 0.005 हे/562 वर्गफीट को सुधार किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। 1. प्रकरण अ.5 शीर्ष में पंजीबद्ध किया जावे। 2. उद्घोषणा जारी हो। 3. राजस्व निरीक्षक से जाच प्रतिवेदन लिया जावे।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19/08/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/07/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**

## एक नजर

### बुजुर्ग के खाते से 25 हजार पार

**रायपुर, 01 अगस्त ।** क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने के नाम पर अज्ञात आरोपी ने बुजुर्ग के खाते से 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एम.आर.ध्रुव 62 वर्ष अर्जुनी भाठापारा बलौदाबाजार का रहहने वाला है। प्रार्थी संचनालय इंद्रावती भवन में काम करती है। बताया जाता है कि अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी को कॉल कर क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने का झांसा देकर उसके खाते 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो दोपहिया चोरी

**रायपुर, 01 अगस्त।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में शांति विहार कालोनी डगनिया निवासी विकाश कुमार नाथ 44 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचजे 4986 को महादेव घाट शमशान घाट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में मांढर निवासी विनेश कुमार सूर्यवंशी 32 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीयू 8508 को सिलतरा के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 01 अगस्त।** टिकरापारा और माना थाना पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यादव मोहल्ला के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी आर्यन ठाकुर 19 वर्ष और विकाश जोशी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने 18 ब्लाक माना कैंप के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी रॉकी मिरधी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव

## युवा मोर्चा अध्यक्ष पर कार्रवाई के संकेत

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 01 अगस्त।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और संगठन महामंत्री पवन साय शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो गए। वे वहां पार्टी संगठन की एक अहम बैठक में हिस्सा लेंगे। रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में किरण सिंह देव ने संकेत दिया कि जल्द ही राज्य में भाजपा संगठन का विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा, दिल्ली में संगठन से जुड़ी बड़ी बैठक है, जिसमें हम भाग लेने जा रहे हैं। जल्द ही प्रदेश में संगठन का पुनर्गठन होगा और इसमें कई नए चेहरों को जिम्मेदारी दी जा सकती है।

इसी बीच, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत को पार्टी की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस को लेकर भी उन्होंने बड़ा बयान दिया। उन्होंने बताया कि अभी तक रवि भगत की ओर से नोटिस का कोई जवाब नहीं आया है। यदि तय समय में जवाब नहीं दिया गया, तो उनकी प्राथमिक सदस्यता रद्द की जा सकती है। गौरतलब है कि रवि भगत ने हाल ही में जिला खनिज निधि के उपयोग को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने सरकार से आग्रह किया था कि यह राशि गांवों में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, जल आपूर्ति और अन्य विकास कार्यों में खर्च की जाए। उनके इस बयान को पार्टी लाइन के विरुद्ध माना गया और उन्हें सात दिन में जवाब देने का नोटिस जारी किया गया था। अब पार्टी नेतृत्व इस मुद्दे को लेकर सख्त नजर आ रहा है। संगठन विस्तार के साथ-साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई की दिशा में भी भाजपा सक्रिय होती दिख रही है।

# मोना सेन की कार दुर्घटनाग्रस्त

## जगदलपुर के रास्ते में बाइक से हुई टक्कर



**फरसगांव, 01 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले से सड़क हादसे की खबर सामने आई है। फरसगांव नेशनल हाइवे-30 में केश शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष और अभिनेत्री मोना सेन की कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में अभिनेत्री मोना सेन और बाइक सवार दो लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद फरसगांव अस्पताल मोना सेन ने दोनों घायलों को अपने ही कार से पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क हादसा फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्सू कोकोड़ा पेट्रोल पम्प के पास हुआ है। इस दौरान केश शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष और अभिनेत्री मोना सेन की कार और एक बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में मोना सेन समेत दो अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। बता दे कि, मोना सेन को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है।

**शोक सभा में होने जा रही थीं शामिल**

मोना सेन पूर्व सासंद दिनेश कश्यप के पुत्र शोक में शामिल होने फरसागुडा जा रही थी। इसी बीच यह हादसा हुआ है। हादसे में घायल मोना सेन समेत तीन लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं इस दौरान उनसे मुलाकात करने धरसींवा के पूर्व विधायक और पूर्व कवर्धा विधायक अस्पताल पहुंचे हुए हैं।

# राजधानी के कुछ इलाकों में हुई तेज वर्षा

## नालों के ओवरफ्लो होने से सड़कों में फैली गंदगी

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 01 अगस्त।** राजधानी में आज सुबह से ही झमाझम वर्षा हुई, जिसके कारण नगर निगम की साफ-सफाई की पोल खुल गई है। नालियों का पानी सड़कों में भर गया, जिसके कारण सर्वत्र गंदगी व्याप्त है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में आज सुबह से ही एक सिस्टम बनने के कारण भारी वर्षा हुई, जिसका रिकॉर्ड अभी नहीं मिला है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, बांदा, सीधी, रांची, डायमंड हार्बर और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी तक स्थित है । एक उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में स्थित है तथा यह 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार पश्चिमी विक्षोंभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 70 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है । प्रदेश में कल दिनांक 1 अगस्त को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

डॉ. चन्द्रा ने बताया कि फिलहाल मानसून की गतिविधियां स्थिर हो गई है, जिसके कारण यहां पर फिलहाल कोई भारी वर्षा होने की संभावना नहीं है।

# विधायक ईश्वर साहू पर स्वेच्छानुदान राशि के दुरूपयोग का आरोप

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 01 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रेस कांफ्रेंस कर साजा विधायक ईश्वर साहू पर स्वेच्छानुदान राशि का दुरुपयोग कर रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। बैज ने कहा कि ईश्वर साहू ने अपने स्वेच्छानुदान राशि का बड़ा हिस्सा अपने पीएसओ के रिश्तेदारों को बांट दिया।

शुक्रवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में दीपक बैज ने कहा कि स्वेच्छानुदान की राशि जरूरतमंदों की मदद के लिए होता है। विधायक जी तो बंदरबांट करने में लगे है। कहावत है न कि माले मुफ्त दिले बेरहम। वहीं, सोशल मीडिया पर कांग्रेस ने एक लिस्ट जारी किया है जिसमें 23 से ज्यादा लोगों को करीब 70 लाख की राशि दिए जाने का जिक्र है। वहीं इन आरोपों पर रूरू ईश्वर साहू ने कहा कि स्वेच्छानुदान के लिए आए सभी आवेदन स्वीकार किए गए है। अब तक 700 लोगों को राशि दी जा चुकी है।

दूसरी ओर ईश्वर साहू ने बातचीत में कहा कि ऐसा नहीं है, विरोधियों का काम है। जो भी अपना आवेदन लेकर आया हमने सभी के आवेदन लिए। उस आधार पर स्वेच्छानुदान दिए जाने वालों की लिस्ट बनाई। अभी तक 2 हजार लोगों का नाम भेजा गया है। इनमें 500-700 लोगों को राशि दी जा चुकी है। विधायक ने कहा कि मैं गरीब परिवार से हूं, विधायक बन गया हूं इसलिए कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा। फिजूल बदनाम करने की कोशिश कर रहे। उनके मंत्री-नेता जेल में है। उन्हें खुद आइना देखना चाहिए।

# गंदगी फैलाने वाले होटलों पर नगर निगम की कार्यवाही

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 01 अगस्त।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा नगर निगम रायपुर के अधिकारियों, कर्मचारियों को राजधानी शहर के अनुरूप स्वच्छता व्यवस्था में सुधार कर जनअपेक्षित बनाने की दृष्टि से निरंतर सफ ाई की समीक्षा जानकारी लेकर की जा रही है एवं नगर निगम अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश लगातार दिये जा रहे है। महापौर, जिला कलेक्टर एवं निगम आयुक्त के सफाई संबंधी सुधार लाने के निर्देशो का शहर में सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

विगत दिवस रात्रि नगर भ्रमण पर निकले रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को राजधानी शहर में तेलीबांधा मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा कचरा फेंककर गंदगी फैलाये जाने से संबंधित जनशिकायते प्राप्त हुई तो जिला कलेक्टर ने इसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्वयं स्पाट को देखा और नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप को इस जनशिकायत की जांच करवाकर सही मिलने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया।

रायपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त ने अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय और स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती प्रीति सिंह को औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निवेश मुख्यालय उडनदस्ता जोन 3 नगर निवेश व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती प्रीति सिंह सहित जोन 3 नगर निवेश उप अभियंता श्री अक्षय भारद्वाज, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन कुमार तांडी, निगम स्वास्थ्य विभाग स्वच्छता निरीक्षक श्री गिरिजेश तिवारी सहित अन्य सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने ला तंदूरी रेस्टोरेंट का तेलीबांधा मुख्य मार्ग पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया तो रेस्टोरेंट वालो द्वारा मुख्य मार्ग पर कचरा डाला जाना और वहां मुक्कड बना दिये जाने और सड़क पर गंदगी फैलाये जाने से संबंधित जनशिकायत सही मिली। वहां निगम अधिकारियों ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये तो संबंधित ला तंदूरी रेस्टोरेंट के संचालक द्वारा नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। साथ ही ठोस अपशिष्ट नियम का पालन नहीं किया जाना और कचरा रेस्टोरेंट से मुख्य मार्ग में डाला जाना पाकर तत्काल स्थल पर ला तंदूरी रेस्टोरेंट को सीलबंद करने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त नगर पालिका निगम अधिनियम का पालन नहीं करने और नियमानुसार आवश्यक दस्तावेजों की कमी होने पर तेलीबाँधा मुख्य मार्ग स्थित एक अन्य दुकान एस के ट्रेंडिंग कबाड़ी दुकान को स्थल पर तत्काल सीलबंद करने की कार्यवाही की गयी।

# ननि ने आवारा पशुओं की धरपकड़ कर गौठान भेजा

**रायपुर, 01 अगस्त।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी जोनो की टीमो द्वारा अभियान चलाकर जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो में मॉनिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओ की धरपकड़ कर उन्हें गौठानो में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम द्वारा जोन 6 क्षेत्र में ढेबर सिटी क्षेत्र सड़क मार्ग में 12 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें काऊकैचर वाहन की सहायता से गौठान भेजा गया. जोन 10 क्षेत्र में विभिन्न सड़क मार्गो पर अभियान के अंतर्गत 12 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर काऊकैचर वाहन से उन्हें गौठान भेजा गया. जोन 4 क्षेत्र में वार्ड 57 में पेंशनबाड़ा मार्ग में 1 आवारा पशु, वार्ड 44 के लाखेनगर चौक मार्ग में 1 आवारा पशु, वार्ड 45 में बूढ़ापारा मार्ग में 2 आवारा पशु, वार्ड 46 में कालीबाड़ी चौक मार्ग में 1 आवारा पशु की धरपकड़ कर उन्हें गौठान भेजा गया। राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सड़क मार्गो में आवारा मवेशियों का धरपकड़ अभियान निर्देशानुसार आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# मार्कफेड में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की आउटसोर्सिंग से होगी भर्ती, हाईकोर्ट में दायर की गई कैवियट

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 01 अगस्त।** प्रदेश में आगामी मौसम में धान खरीदी के मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है, मार्कफेड में प्रत्येक सोसायटी में आउट ऑफ सोर्स के आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए मार्कफेड ने भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, लेकिन कोर्ट के प्रकरणों से बचने के लिए उसने हाईकोर्ट में केबियट दायर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी वर्ष नवम्बर माह से प्रारंभ होने वाला है, राज्य में करीब 1350 सहकारी समितियां है, जहां पर धान खरीदा जाता है। किसान धान लेकर सोसायटियों में जाते हैं। जहां कम्प्यूटरी ऑपरेटर कृषि विभाग द्वारा ऋण पुस्तिका एवं कृषि खसरा के प्रमाणित होने के पश्चात धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर करते हैं। प्रत्येक सोसायटी में गांव के अनुसार किसानों को बुलाया जाता है, इसमें कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। धान की तौलाई के पश्चात आपरेटर धान पतला एवं मोटा के आधार पर पर्ची काटता है, जिसके आधार पर सहकारी बैंकों में इसका भुगतान किया जाता है। राज्य



में करीब एक हजार से अधिक कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती किया जाना है, इसके लिए मार्कफेड आउट ऑफ सोर्स के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें कम्प्यूटर के डिग्री के अलावा ऑपरेटरों को अन्य ज्ञान होना आवश्यक है। मार्कफेड द्वारा की जाने वाले नियुक्तियों को हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। इसलिए मार्कफेड ने हाईकोर्ट में एक कैवियट दायर कर दिया है। जिसके अनुसार जो कोई भी हाईकोर्ट की शरण में जाएगा। हाईकोर्ट को मार्कफेड का सुनना होगा।

**समितियों के माध्यम से की जाएगी खरीदी**

धान खरीदी राज्य में सहकारी बैंक द्वारा संचालित समितियों के माध्यम से की जाती है, सरकारी समितियों में कार्य करने वाले कर्मचारी अपनी अलग मांग पर अड़े रहते हैं, जिसके कारण धान खरीदी प्रभावित होती है। इसलिए जोरालॉस के आधार पर इन्हें काम दिया जाएगा, ताकि यह काम उचित रूप से चले। ज्ञात रहे राज्य में धान खरीदी का काम दो विभागों में विभाजित किया गया है। पहले खाद्य विभाग इसके पश्चात सहकारिता विभाग यह काम करता है। खाद्य विभाग पैसा देता है, वहीं सहकारिता विभाग धान की खरीदी एवं भुगतान का काम करता है, इसको लेकर आए दिन विवाद होता रहता है।

# कलिंगा यूनिवर्सिटी की डिप्टी मैनजर से 5.20 लाख की ठगी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 01 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की रहने वाली जयश्री वर्मा, जो कलिंगा यूनिवर्सिटी में डिप्टी मैनेजर (कैरियर एंड कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर) के पद पर कार्यरत हैं, ठगी की शिकायत दर्ज की है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल 2025 को इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के विज्ञापन के जरिए उन्हें ठगा गया, जिसमें उन्होंने कुल 5.20 लाख रुपये गंवाए. पुलिस ने शिकायत के बाद अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है. जयश्री ने बताया कि विज्ञापन के बाद उन्हें टेलीग्राम पर 'काव्या पूजा' नामक अकाउंट से जोड़ा गया. शुरू में उन्हें 180 रुपये का वेलकम अमाउंट और 17 टास्क पूरे करने पर 200 रुपये दिए गए. इसके बाद उन्हें क्रूड ऑयल ग्रुप में शामिल होने के लिए कहा गया और क्रमिक रूप से निवेश बढ़ाने का दबाव डाला गया. उन्होंने अलग-अलग खातों जैसे मिजोरम रूरल बैंक (होल्डरः अदोर, पटोर मोनी, राकेश), एचडीएफसी (होल्डरः डाप्लू), और आईसीआईसीआई (होल्डरः सुरेश डारा) में 800 से लेकर 1.45 लाख रुपये तक ट्रांसफर किए. ठगों ने निवेश पर 30 प्र. मुनाफे का लालच दिया और बाद में अकाउंट ब्लॉक होने का बहाना बनाकर और पैसे की मांग की. 7-8 अप्रैल 2025 के बीच उन्होंने 40,000, 80,000, और 1.45 लाख रुपये अतिरिक्त ट्रांसफर किए, लेकिन केवल 10,000 रुपये वापस मिले. ठगों ने अकाउंट अनफ्रीज करने के लिए और राशि मांगी, जिसके बाद जयश्री ने धोखाधड़ी का शिकार होने का अहसास हुआ. जयश्री ने थाना खमतराई में लिखित शिकायत दर्ज की है और साइबर पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है.

# स्कूल के पीछे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**रायपुर, 01 अगस्त ।** रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब ज्ञान-गंगा स्कूल के पीछे एक पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके



पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और यह स्पष्ट नहीं है कि मौत किन परिस्थितियों में हुई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# राखी के बाजार सजे

## रक्षाबंधन 9 को



**रायपुर, 01 अगस्त।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी सहित प्रदेश भर में रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। भाई बहन के इस पवित्र त्योहार के लिए शहर के गोल बाजार सदर बाजार रामसागर पारा गुढ़ियारी पुरानी बस्ती मालवीय रोड सहित शहर में स्थित माल्स में रंग बिरंगी राखियां एक रुपये से लेकर अधिकतम मूल्यों पर बेची जा रही है। शाम होते ही शहर की मालवीय रोड सदर बाजार एवं गोलबाजार की सड़कें खचाखच भीड़ से भर जाती है। दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष भी सामायिक विषय पर आधारित राखी बहनें अधिक पसंद कर रही है। रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। सदर बाजार में चांदी एवं प्लेटिनम राखियां आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है। बहनें अपनी भाईयों की कलाई सजाने के लिए प्लेटिनम एवं चांदी की राखियां भी खरीद रही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार यम की बहन यमुना ने संकट आने पर अपनी भाई से रक्षा का वचन लिया था और यमराज ने अपने वचन का पालन करते हुए यमुना की प्राण रक्षा की थी तब से यह पर्व रक्षाबंधन के रूप में सदियों से मनाया जा रहा है। वहीं एक अन्य कथा के अनुसार द्वापर युग में द्रोपदी के चीरहरण के समय भगवान श्री कृष्ण ने उनकी पुकार सुनकर उनकी लाज रखी थी इसके पीछे भी श्री कृष्ण की ऊंगली में रक्त बहने पर अपनी साड़ी का हिस्सा काटकर द्रोपदी ने श्री कृष्ण की ऊंगली में बांधा था। उसी समय से भगवान श्री कृष्ण ने द्रोपदी को अपनी बहन के रूप में स्वीकार किया था। यह भाव भी रक्षाबंधन के दिन देखा जाता है। बहनें भाईयों के हाथों में राखी बांधती है बदले में उन्हें अपनी बहनों की रक्षा का वचन देना होता है इतिहास में ऐसे अनगिनत उदाहरण है जब राखी की एक डोर के लिए योद्धाओं ने अपनी बहनों की प्राण रक्षा करते हुए दुश्मन को हराया और कहीं कहीं पर रक्षा करते हुए प्राणों को त्याग दिया है।

# आईसीएटीटी छग में जल्द एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगा

**रायपुर, 01 अगस्त।** आईसीएटीटी छग में ट्रामा देखभाल को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए फ्लाइंग आईसीयू एयर एंबुलेंस सेवा मप्र के बाद छग में शीघ्र लांच करेगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष एमओयू के लिए कंपनी द्वारा प्रस्ताव दिया गया है। एयर एंबुलेंस हेलिकाप्टर सेवा के जरिए वनांछादित क्षेत्रों में सीआरपीएफ आरपीएफ के जवानों को नक्सलियों से गोलीबारी के दौरान तत्काल शासन द्वारा एमओयू किये चिकित्सालय में पहुंचाया गया है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. सरदार राहुल सिंह डॉ. शालिन नलवडे ने संयुक्त रूप से दी। नलवडे एवं राहुल ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त सेवाओं का लाभ सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों एवं चिकित्सा संस्थानों में शासन के निर्देशानुसार आईसीयू में भर्ती मरीजों को तत्काल उपलब्ध करायी जाएगी।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26